# हर्षोल्लास से मनायी गयी डॉ. आंबेडकर की जयंती

## जिलेभर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम, निकाली गयी शोभायात्रा, विचार गोष्ठियों में बाबा साहेब को किया गया याद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा शोभायात्राएं, विचार गोष्ठियां, पुष्पांजलि कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजन किए गए।

कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में डीएम शशांक त्रिपाठी ने अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन्स व जनपद के सभी थानों पर पुलिस कर्मियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी 2595 बूथों पर जयंती कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाका चौराहा स्थित पार्क में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी एवं जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने दरियाबाद विधानसभा के रामपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने जिला पंचायत कार्यालय, एससी-एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने सेमरावा, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कुर्सी विधानसभा के बनार गांव तथा हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ने रसूलपुर गांव में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, अरविंद मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, ब्रजेश रावत, अनूप यादव, रत्नेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओबरी स्थित अपने आवास पर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज आजाद अहमद की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप दरियाबाद विधानसभा के ग्राम चौरी अलादासपुर में जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह पप्पू द्वारा आयोजित बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने नाका सतरिख चौराहा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पंचायत कार्यालय के निकट यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन द्वारा पुष्पांजलि समारोह भंडारा आयोजित किया गया। राजकीय पशु चिकित्सालय सदर में प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भानु प्रताप प्रजापति, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज वर्मा सहित स्टाफ ने बाबा साहब के सपने को साकार करने का संकल्प लिया। फतेहपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और समता का प्रतीक है। उन्होंने जयपुरिया स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के माध्यम से हर नागरिक को समान अधिकार मिला है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा, इंजीनियर अजय चौधरी, ब्लॉक प्रमुख अनिल वर्मा, बार संघ अध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल एडवोकेट, राजीव नयन तिवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। रामनगर नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन रामशरण पाठक ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। ग्राम अमोली कला में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें भाजपा नेता गौरीकांत दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मसौली क्षेत्र स्थित संत शिरोमणि रविदास आश्रम में डॉ. नौमीलाल गौतम के नेतृत्व में जयंती समारोह आयोजित हुआ, जहां भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। रामसनेहीघाट तहसील, नगर पंचायत, कोतवाली परिसर और ब्लॉक बनीकोडर में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। एसडीएम अनुराग सिंह, तहसीलदार शशांक कांत, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी, क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्रा व कोतवाल दया शंकर द्विवेदी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सूरतगंज क्षेत्र में 32 गांवों से भव्य रैलियां निकालकर बेल चौराहे स्थित अंबेडकर पार्क में समापन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी आदि उपस्थित रहे। हैदरगढ़ में सपा नेता पप्पू सिद्दीकी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष शब्बीर राइन उर्फ पहाड़ी, अयूब खान सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।


नाका चौराहा स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल व अन्य भाजपा नेता।


फतेहपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान।



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप। ● अमृत विचार


आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह।

# चौकी के सामने शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

**बाराबंकीः अमृत विचार :** मिट्टी लदा डंपर चढ़ने से युवक की मौत के मामले में मंगलवार को परिजनों ने भानमऊ गंगागंज मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही प्रशासन व पुलिस के अफसर मौके पर पहुंचे और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन शव दाह संस्कार के लिए ले गए।

बता दें कि सोमवार की रात कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मिर्जापुर निवासी परशुराम का पुत्र अतुल वर्मा 30 बाइक से बहन के घर गंगागंज जा रहा था। सतरिख थाना क्षेत्र में जैसाना गांव के पास मिट्टी लदे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे अतुल को डंपर ने रौंद डाला। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को शव पीएम गृह से मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और पुलिस चौकी मोहद्दीनपुर के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात की। घटना करने वाले वाहन व अन्य आरोपियों पर कार्रवाई के दिलासे पर मामला शांत हुआ। इसके बाद परिजनों ने शव ले जाकर दाह संस्कार किया। थानाध्यक्ष सतरिख डीके सिंह के अनुसार कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन दाह संस्कार को राजी हो गए।

# सड़क पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**देवा, बाराबंकीः अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के उखड़ी गांव निवासी हरिप्रसाद गौतम (45) का शव सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर इब्राहिमपुर-खनवार मार्ग पर पड़ा मिला। देवा कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार, मृतक की मां और बहन खनवार गांव में रहती हैं, जबकि वह स्वयं उखड़ी गांव में रहता था और कभी-कभी खनवार आता-जाता रहता था। रविवार रात करीब 8 बजे ग्रामीणों ने उसे घटना स्थल के पास शराब के नशे की हालत में देखा था। पुलिस के मुताबिक, हरिप्रसाद शराब का आदी था और इसी कारण लगभग 15 वर्ष पूर्व उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

# गबन का आरोपी उप डाकपाल गिरफ्तार

अयोध्या/बाराबंकी

**अमृत विचार :** डाक विभाग के महबूबगंज उप डाकघर में खाताधारक के खाते से 30 लाख की रकम के गबन के मामले में आरोपी उपडाक पाल शिवांशु श्रीवास्तव को मंगलवार को पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी बाराबंकी से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी उसकी पत्नी आयुषी श्रीवास्तव व सिपाही अजय यादव अभी भी फरार हैं। इस मामले में केस दर्ज न करने के आरोप में गोसाईगंज थाना प्रभारी व सिपाही को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर निलंबित कर चुके हैं।

प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने गोसाईगंज थाने में उप डाकपाल समेत उसकी पत्नी आयुषी व चौकी महबूबगंज के सिपाही अजय यादव पर केस दर्ज कराया था। तीनों पर आरोप था कि इन्होंने मिलकर खाता धारक मो. शगीर को मृत दिखाकर उसके 30 लाख रुपये हड़प लिए थे। घटना 11 जनवरी 2025 की है।

उस दौरान जांच में उप डाकपाल को दोषी पाते हुए प्रवर डाक अधीक्षक ने निलंबित कर दिया था और गोसाईगंज थाना पुलिस को कई बार तहरीर देकर केस दर्ज करने का अनुरोध भी किया। थाना गोसाईगंज पुलिस ने अपने सिपाही को बचाने के चक्कर में केस ही नहीं दर्ज किया। आखिरकार प्रवर डाक अधीक्षक ने इसकी शिकायत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से की। जांच के दौरान आरोप सही पाए जाने पर एसएसपी ने थाना प्रभारी शारतेंदु दुबे व आरक्षी अजय यादव को निलंबित कर दिया था। इसके बाद चार मार्च को उक्त मामले में केस दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ल ने चार्ज संभालते ही निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार राय, हेड कांस्टेबल जयबिन्द सिंह, कांस्टेबल संदीप सिंह, रामजनम यादव व पूजा यादव की टीम के साथ आरोपी शिवांशु को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आरोपी शिवांशु को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया गया है। फरारआरोपी की पत्नी व सिपाही अजय यादव की तलाश जारी है।

# आग लगले से दुकानें व फसल जली

सिरौलीगौसपुर/सुबेहा, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** मंगलवार तड़के आग की दो अलग-अलग घटनाओं ने तबाही मचा दी। एक ओर भीषण आग से सब्जी और पान मसाला बेचने वाली लकड़ी की कई गुमटियां जलकर खाक हो गईं। दूसरी ओर आग से एक दर्जन किसानों के खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

बदोसरांय थाना क्षेत्र में सिरौली-उधौली मार्ग पर तहसील की बाउंड्री के पास स्थित करीब सात दुकानें पूरी तरह जल गईं, जबकि कुछ अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुईं। ये अस्थायी दुकानें मुख्य रूप से लकड़ी, तिरपाल और टट्टर से बनी थीं और घुसेडिया गांव के लोग इन्हीं के सहारे अपनी आजीविका चला रहे थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

ग्राम प्रधान श्रवण वर्मा के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। इस घटना में विक्रमादित्य, पिंटू, रामसमुझ, गुड्डू और शिवशंकर सहित कई दुकानदारों को भारी क्षति हुई है। प्रारंभिक जांच में विद्युत स्पार्क बताया जा रहा।

तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने नुकसान का आकलन कराने के निर्देश दिए हैं। दूसरी घटना थाना सुबेहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत इस्लामपुर के शहरी गांव में हुई, जहां अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब एक दर्जन किसानों के खेत इसकी चपेट में आ गए। आग सबसे पहले गुरबक्श के खेत में लगी और देखते ही देखते हनुमान, मातादीन, निर्मला, गंगा प्रसाद, राजकरण, श्याम, कृष्ण, सुखदीन और राजकला समेत कई किसानों की खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

# धारदार हथियार से युवक का कान काटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में घरेलू विवाद को लेकर दबंगों ने एक युवक पर हमला कर उसका कान धारदार हथियार से काट दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कंधईपुर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 अप्रैल की रात वह अपने घर में खाना खा रहे थे, जबकि उनका भाई सुभाष घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान रंजीत, मनोहर, अर्जुन और सीमा गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर सुभाष पर हमला कर दिया। एक हमलावर ने धारदार हथियार से सुभाष का बायां कान काट दिया।

# एक्सईएन हटे, एसडीओ, जेई सस्पेंड और लाइनमैन बर्खास्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उपभोक्ता को प्रताड़ित करने का जो प्रकरण बेनतीजा रहा, वही ऊर्जा मंत्री के जनसुनवाई में पहुंचा तो न्याय मिल गया। इस मामले में एक्सईएन को नोटिस देकर हटाते हुए एसडीओ व जेई को निलंबित कर दिया गया, वहीं लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया गया है। मामला नवाबगंज तहसील क्षेत्र का है, जहां भिटौली कला की रामजेई ने घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। पीड़िता के पुत्र विमल कुमार को 2 किलोवाट कनेक्शन के लिए लगातार विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़े। सर्वे के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी मनीष वर्मा ने कनेक्शन जारी करने के नाम पर 15 हजार की रिश्वत मांगी। परिवार द्वारा घूस देने से इनकार करने पर विभाग ने कनेक्शन के लिए 3,39,967 रुपये का भारी-भरकम एस्टीमेट थमा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में डीएम से भी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद मामला 'सम्पर्क सेवा समाधान' जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में आया। आरोप सही पाए जाने पर मंत्री ने कार्रवाई की। अधिशासी अभियंता घनश्याम त्रिपाठी को नोटिस देकर हटाने के निर्देश दिए गए। एसडीओ रवि वर्मा, अवर अभियंता अभिनव श्रीवास्तव को निलंबित व लाइनमैन मनीष वर्मा को बर्खास्त करने के आदेश दिए गए हैं।

आस्था

बैसाखी पर सेवा और एकता का दिया संदेश, लंगर वितरित

# खालसा साजना दिवस पर गूंजे कीर्तन और गुरुजस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा लाजपत नगर में मंगलवार को खालसा साजना दिवस बैसाखी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सहज पाठ साहिब की आरम्भता से हुई, जिसका समापन प्रातःकाल में हुआ। इस मौके पर बच्चों द्वारा कीर्तन-भजन प्रस्तुत किए गए, जिसके बाद हुजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह ने अपनी मधुर वाणी से संगत को भावविभोर कर दिया। अमृतसर दरबार साहब से पधारे भाई बलविंदर सिंह एवं उनके साथियों ने गुरुजस गायन कर संगत का मन मोह लिया। भाई बलविंदर सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना का महत्व बताते हुए कहा कि इसी दिन श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने संगत के बीच से पांच सिखों के शीश मांगकर उन्हें अमृत छकाकर 'पंज प्यारे' बनाया और खालसा पंथ की साजना की। बाद में उन्हीं पांच प्यारों ने स्वयं अमृतपान कर सिंह रूप धारण किया। तभी से "वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला" की परंपरा प्रचलित हुई। कार्यक्रम के दौरान आनंद साहिब का पाठ किया गया तथा अरदास के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। इसके बाद गुरु का लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने एक साथ पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह, विधायक सुरेश यादव, पूर्व एमएलसी हरगोबिंद सिंह, पूर्व एमएलसी राजू यादव, जिलाबार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, महामंत्री रामराज यादव, अधिवक्ता संतोष सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, सरदार हरपाल सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, शहर कोतवाल सुधीर सिंह, विनोद गाबा, डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. सतीश चंद्र वर्मा, पंकज गुप्ता 'पंकी', दीपक जैन, सरदार मनमीत सिंह 'सोनू' सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


लाजपतनगर स्थित गुरुद्वारे में सजा दीवान। ● अमृत विचार


आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# बिना अनुमति स्थापित आंबेडकर प्रतिमा हटायी

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** शरीफाबाद गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के मौके पर बसपा नेता भल्ला सिंह रावत द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति के उनकी प्रतिमा स्थापित कर माल्यार्पण किया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ राजेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थापित की गई नई प्रतिमा को हटवा दिया गया।

इस संबंध में उप जिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी महापुरुष की प्रतिमा स्थापित करने से पहले प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

अनुमति मिलने के बाद ही प्रतिमा स्थापित की जा सकती है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रभारी निरीक्षक यशकांत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैदरगढ़ : राज्यमंत्री



शिलान्यास करते राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और विधायक दिनेश रावत।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाजपुरा घाट से बाबा टीकाराम धाम को जोड़ने के लिए गोमती नदी पर 32 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा और विधायक दिनेश रावत द्वारा किया गया। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि विधायक दिनेश रावत युवा और सक्रिय जनप्रतिनिधि हैं और सभी को मिलकर उन्हें मजबूत करना चाहिए ताकि हैदरगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने यह भी कहा कि हैदरगढ़ विधानसभा मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली विधानसभा है और इसके विकास कार्यों में वे हर संभव सहयोग देंगे। विधायक दिनेश रावत ने कहा कि वे हैदरगढ़ के विकास के लिए सदैव तत्पर हैं और यहां की जनता उनके लिए परिवार समान है। कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख आरती रावत, जिला पंचायत सदस्य व प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व प्रमुख सुनील सिंह, टीकाराम बाबा संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रधान सोनू सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रजत मिश्र, एसडीएम राजेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नदी पार कर आगे बढ़े 700 श्रद्धालु


नाव से जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या धाम की 84 कोसी परिक्रमा के तहत मंगलवार को श्रद्धालुओं का एक और बड़ा जत्था घाघरा (सरयू) नदी पार कर आगे की यात्रा के लिए रवाना हुआ। प्रशासन की कड़ी निगरानी में लगभग 700 श्रद्धालुओं को नावों के माध्यम से सुरक्षित नदी पार कराया गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल ने मौके पर पूरी मुस्तैदी बनाए रखी और नाविकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके चलते पूरा पारगमन कार्य शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। परिक्रमा मार्ग में साधु-संतों, नागा साधुओं, महिलाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु लगातार जय श्री राम और राम नाम के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। कई श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर नृत्य और झूमते हुए भी नजर आए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने अलियाबाद स्थित एक आश्रम में रात्रि विश्राम किया, जहां उनके लिए ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, अगला जत्था भी जल्द ही नदी पार करेगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नयाब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि बुधवार को लगभग 400 श्रद्धालुओं का एक और जत्था पहुंचेगा और उनके रात्रि विश्राम व भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। घाघरा नदी (सरयू) को पार करने के साथ यह धार्मिक यात्रा प्रशासन और पुलिस की सतर्क निगरानी में लगातार सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है।

## साइकिल से दो श्रद्धालु केदारनाथ रवाना


छोटू व राहुल को सम्मानित करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर में मंगलवार को आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला, जब बुढ़वल स्टेशन निवासी छोटू शर्मा स्केटिंग और राहुल तिवारी ने साइकिल से कस्बा स्थित गायत्री मंदिर से बाबा केदारनाथ धाम के लिए अपनी कठिन यात्रा का शुभारंभ किया। लोगों ने दोनों यात्रियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रविकांत पांडेय, पवन ओझा, मोनू भास्कर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक के परिवार की टीम करेगी 50 लाख की मदद


शिक्षक के परिवार के साथ टीएससीटी टीम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सिद्धौर विकास खंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसा में तैनात शिक्षक सुदेश कुमार के निधन पर टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की जिला इकाई ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। नामिनी सरोज कुमारी से दस्तावेज प्राप्त किए गए। बता दें कि 26 मार्च 2025 को विद्यालय जाते समय लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के पास हाइवे पर हुए सड़क हादसे में सुदेश कुमार का निधन हो गया था। संस्था के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद ने दूरभाष पर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए 10 दिनों के भीतर 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। जिला संयोजक महेन्द्र वर्मा ने बताया कि संस्था अपने हर सदस्य के साथ जिम्मेदारी से खड़ी रहती है और पीड़ित परिवार को अधिकतम सहायता देना प्राथमिकता है। भौतिक सत्यापन के दौरान जिला आईटी सेल प्रभारी राज कुंवर दुबे, आशीष बाजपेई, हिमांशु वर्मा, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## रीतू पाठक बनीं यूपी बैडमिंटन टीम की कोच



**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत जिला व्यायाम शिक्षिका रीतू पाठक को अयोध्या में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बैडमिंटन अंडर-17 छात्र-छात्रा प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2026 तक दिल्ली में आयोजित होगी। यह जिम्मेदारी उन्हें राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान द्वारा सौंपी गई है। रीतू पाठक इससे पूर्व भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण योगदान दे चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सिरौलीगौसपुर दिलीप तिवारी, हरख के मनोज चौधरी, मसौली के बलराज, विपिन, दिवाकर, सुरेंद्र जायसवाल, जिला समन्वयक पीयूष श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

# जिले में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की 135वीं जयंती

## निकाली गईं शोभायात्रा, जगह-जगह लगे भंडारे और पुष्पांजलि कार्यक्रम हुए आयोजित



अंबेडकर जयंती पर यात्रा निकालते समिति के लोग।



बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम गौरांग राठी।



विधायक बृजेश रावत को प्रतिमा भेंट करते मनोज यादव व अन्य।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जिले भर में हर्षोल्लास व श्रद्धा से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों से बाबा साहेब के संघर्षों को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समिति के तत्वावधान में एक शोभायात्रा का आयोजन हुआ। शोभायात्रा अंबेडकर पार्क से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। भ्रमण में अनुयायियों ने बाबा साहब के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शहर का चक्कर लगाने के बाद शोभायात्रा पुनः अंबेडकर पार्क पर संपन्न हुई। मंगलवार सुबह से ही सिविल लाइन स्थित पार्क में लोगों का जुटना शुरू हो गया था। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने को समर्थकों व गणमान्य नागरिकों की भारी भीड़ रही। श्रद्धासुमन अर्पित करने आए लोगों ने बाबा साहब को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

### संविधान के प्रस्तावना की ली गई शपथ

मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विकासखंड बिछिया के मां बहार देवी धाम नेवरना मे संविधान की प्रस्तावना का वाचन व डॉ. अंबेडकर के योगदान पर सेमिनार हुआ। इसमें नीरज गुप्ता व समाजसेवी भगवती प्रसाद वर्मा भी रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर में सफाई भी की। संचालन रोवर स्काउट लीडर भरत लोधी ने किया। इस दौरान हरीराम पाल, सरजू प्रसाद रावत, भाजपा नेता दिनेश चौरसिया, सेक्टर संयोजक भाजपा राजू लोधी, बूथ अध्यक्ष भीखा साहू, रमाकांत रावत, बेदनाथ लोधी धीरज, ब्रज मोहन सैनी, मलखान यादव, महाशंकर रावत, सुधीर गुप्ता, राजा, शिव करन प्रजापति, चेतन रावत आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर अधिकारियों ने भी बाबा साहेब को किया नमन

कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में बाबा साहब की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में जिले के आलाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान देकर देश को एक सूत्र में पिरोया है। कहा कि संविधान निर्माता के आदर्शों व मूल्यों को अपने जीवन में उतारना और उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड ने बाबा साहब को महान विधि विशेषज्ञ व दूरदर्शी राजनेता बताया। एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव ने बाबा साहब के कठिन संघर्षों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने विपरीत परिस्थिति में उच्च शिक्षा ग्रहण की और शोषितों-वंचितों की आवाज बनकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने भी उनके जीवन दर्शन पर विचार साझा किए। इसमें एडीएम नमामि गंगे विधेस, एसडीएम आनंद नायक आदि रहे।

### जयंती पर बाबा साहेब को किया याद

हसनगंज क्षेत्र में जगह-जगह बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। हरौनी शमशुद्दीनपुर गांव में मनोज यादव के नेतृत्व में एक मैरिज लॉन में कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि मोहान विधानसभा विधायक बृजेश रावत ने कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक थे। अंत में लोगों को प्रसाद व मिष्ठान बांटा गया। इस दौरान बलबीर यादव, अरुण यादव, विनोद, हरीशचंद्र, दीपू यादव आदि रहे। इसी क्रम में ब्लॉक परिसर में हुए कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मीरा यादव व पूर्व ब्लॉक प्रमुख धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। शुरुआत पारंपरिक भजन-कीर्तन से हुई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समानता का अधिकार दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने कहा कि बाबा साहब ने छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इस दौरान शिवा रावत, सुभाष साहू, राजेश मौर्य, जसवंत कुमार रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**सफीपुर, उन्नाव :** ब्लॉक परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनी। इसमें हुए कार्यक्रम में एसडीएम शिवेंद्र कुमार वर्मा ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी शिला व बिजली पासी की प्रतिमाओं पर भी पुष्प अर्पित किये। एसडीएम ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा के महत्व को पूरे विश्व में स्थापित किया। भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा कि बाबा साहब के संघर्षों के कारण ही समाज के हर वर्ग को शिक्षा व समान अधिकार मिल सके हैं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पति रमेश रावत, बार अध्यक्ष रामखेलावन कुरील, सपा नेता रामबरन कुरील, जिला पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र रावत, फूलचंद्र रावत, एडीओ पंचायत छोटेलाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, बिमल कुमार, सिद्धांत वर्मा, अभिज्ञान तिवारी, राधाकृष्ण गौतम, शंकर लाल, रामखुशी आदि रहे। इसी क्रम में गांव बृजपालपुर में बौद्ध विहार समिति अध्यक्ष उमाशंकर गौतम के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के बाद भंडारा हुआ। इसके अलावा मवई लाल गांव में अधिवक्ता रामखेलावन कुरील के नेतृत्व में बाबा साहब की जयंती मनी। इस दौरान पूर्व प्रधान भगवान दीन, प्रताप नारायण, जैनेंद्र कुमार, आदि मौजूद थे।



बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

### जन-जन तक बाबा साहेब का संदेश पहुंचाने का लिया गया संकल्प

**शुक्लागंज, उन्नाव :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को हर्षोल्लास व उत्साह से मनी। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। नगर के सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड, रविदास पार्क, राजमार्ग, रविदास नगर व भीम नगर सहित कई क्षेत्रों में लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ जगह-जगह भीम भोज, शर्बत वितरण व भंडारे आयोजित हुए। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विधानसभा प्रभारी बीएसपी संतोष कपूर के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो थाना गेट से शुरू होकर मिश्रा कॉलोनी, राजमार्ग, यूनियन कार्बाइड, मरहला चौराहा, कुशाल खेड़ा, कंचन नगर छह खंभा व आदर्श नगर पहुंची। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब के जयकारे लगा उनके विचारों का प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, श्याम बिहारी, अमन गौतम, केडी बाबू, अजय पाल, गंगा सागर, उर्मिला गौतम, गंगाराम आदि मौजूद रहे। सीताराम कॉलोनी स्थित पंचशील बुद्ध विहार में भी डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुजन उत्थान समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवनभर संघर्ष किया। गंगाघाट थाने के बाहर भी कार्यक्रम आयोजित कर देवीचरण, मालती गौतम, रेखा गौतम, विमला, सरिता, जेजे लाल व अजय पाल ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। वहीं, आजाद नगर में समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला, मिन्टू निषाद, संत कुमार भारती ने भंडारा आयोजित किया।



गंगाघाट कोतवाली के बाहर बाबा साहेब को याद करते पदाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहेब की जयंती पर हुआ भंडारा

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** कस्बे के हाईवे स्थित एक एजेंसी पर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस दौरान अनुयायियों ने उनके बताए रास्तों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया। इसमें भंडारा भी आयोजित हुआ। जो देररात तक चलता रहा। लोगों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भंडारे का प्रसाद गृहण किया। इस दौरान अर्जुन, गौतम, अंशु, शिवम सिंह, सर्वेश, रामबरन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रेम नगर में चलाया गया सफाई अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड-14 के प्रेम नगर क्षेत्र में नगर पालिका टीम ने सफाई अभियान चलाया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर कर्मियों ने गलियों व नालियों की सफाई कर कूड़ा व सिल्ट निकाली। मच्छरों का प्रकोप रोकने को एंटी लार्वा दवा व चूने का छिड़काव किया गया। वहीं शाम को फॉगिंग भी कराई गई। ईओ ने बताया कि अभियान के तहत पूरे पालिका क्षेत्र में नियमित सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे संक्रामक रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके।

### घरेलू विवाद में महिला से मारपीट, 3 पर केस

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर में घरेलू विवाद के चलते महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 3 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता रेनू मिश्रा पत्नी उदय शंकर मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 अप्रैल को उनके जेठ प्रभा शंकर, भतीजे आदित्य व अंकित ने गाली-गलौज करते उनसे मारपीट की। इसमें उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

### दबोचे गए फायरिंग व मारपीट के आरोपी

**उन्नाव, अमृत विचार :** पुरानी खुन्नस में माखी थानाक्षेत्र के कोटरा में हुए विवाद में हुई फायरिंग के मामले में घायल मनोज शुक्ला के भतीजे पंकज की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। एसओ योगेश सिंह ने बताया कि नहर के पास एक संदिग्ध कार को रोककर गोलीकांड के फरार आरोपी सौरभ सिंह, दीपक सिंह व अमन सिंह को पकड़ा गया है। कार में दो तमंचे व मोबाइल मिले हैं। एसओ ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां उन्हें जेल भेजा गया है।

# सड़क हादसों में दो युवकों औरअधेड़ की गई जान, मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** सोहरामऊ थानाक्षेत्र में गेहूं की थ्रेसरिंग कर लौट रहे ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत हो गई। वहीं असोहा में बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया में टकराने से एक युवक की जान चली गई। वहीं पीछे बैठा चचेरा भाई घायल हो गया। इसी तरह बारासगवर थानाक्षेत्र में बाइक सवार अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे हैं।

अचलगंज थानाक्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव निवासी अश्वनी शुक्ला उर्फ कैलाश (55) पुत्र स्व. राम कुमार खेती करता था। 3 दिन पहले उसकी पत्नी नीलम बारासगवर थानाक्षेत्र के नारायण दास खेड़ा स्थित मायके गई थी। सोमवार को अश्वनी भी ससुराल गया था। जहां से वह देररात लौट रहा था। तभी बारासगवर थानाक्षेत्र के धानीखेड़ा-पाटन मार्ग पर मतऊ खेड़ा मोड़ पर अचानक उसकी बाइक में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित सड़क किनारे खंती में चला गया। फेफड़े में आई चोट से वह अचेत हालत में रात भर वहीं पड़ा रहा। सुबह लोगों ने उसे पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। लेकिन तब उसकी मौत हो गई थी। ससुरालियों की सूचना पर पहुंचे छोटे भाई अनुरुद्ध की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। भाई अनुरुद्ध ने बताया कि अश्वनी के बच्चे नहीं थे। 3 माह पूर्व जनवरी में पिता की बीमारी से मौत हुई थी। पहले पति व अब बड़े बेटे की मौत से मां मालती रो-रोकर बेहाल रहीं। एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि भाई की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक पुलिया में टकराने से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल

**पुरवा, उन्नाव :** असोहा थानाक्षेत्र के निमैचा गांव निवासी अमित (25) पुत्र रमेश चचेरे भाई रामकरण (18) पुत्र तुलसी के साथ कालूखेड़ा गया था। देररात लौटते समय क्षेत्र के कालू खेड़ा-असोहा मार्ग पर शिवगढ़ गांव के पास ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक पुलिया से टकरा गई। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। उधर से निकले राहगीर से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और प्रधान ने परिजनों को सूचना दी। डॉक्टर ने जांच के बाद अमित को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामकरण को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे लखनऊ के मोहन लालगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। अमित 3 भाई-बहनों में छोटा था। उसकी मौत से मां तारावती रो-रोकर बेहाल है। एसओ फूल सिंह ने बताया कि पुलिया से बाइक टकराने से युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा है।



अमित का फाइल फोटो

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर हुई मौत

**नवाबगंज, उन्नाव :** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के कैथनखेड़ा गांव निवासी लाला लोध (38) पुत्र अंगनू थानाक्षेत्र के बिचपरी गांव में थ्रेसरिंग करने गया था। देररात काम निपटाकर ट्रैक्टर से थ्रेसर बांध कर लौटते समय गांव के मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें दबकर उसकी मौत हो गई। भाई रामशंकर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से पत्नी रामदेवी, दो बच्चे शिवा (11) व नैंसी (15) बेहाल हैं। एसओ अरविंद पांडे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### भाजपा ने बूथ स्तर पर मनायी बाबा साहेब की जयंती

**उन्नाव, अमृत विचार :** भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिले के सभी बूथों, बस्तियों व गावों में कार्यक्रम किए। जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मीडिया प्रभारी विजय द्विवेदी ने बताया कि जिले में 2700 से अधिक स्थानों पर भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने 200 स्थानों पर सफाई अभियान चलाया और दीपोत्सव के साथ बाबा साहेब की जयंती मनाई। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के समाज के शोषित व वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। गुलरिहा गांव में पुरवा विधायक अनिल सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। बाईपास स्थित राजकीय छात्रावास परिसर में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्था अध्यक्ष विंदा प्रसाद शास्त्री ने भी बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया।



बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते सदर विधायक।

### विधायक ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड के गांव बैजनाथखेड़ा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा का अनावरण उनके जन्मोत्सव पर विधायक आशुतोष शुक्ला ने किया। उन्होंने अंबेडकर चबूतरे पर एक कक्ष निर्माण के लिए अपनी निधि से बनवाने की भी घोषणा की। कहा कि हमारे संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बताए गए विचारों पर चलकर उनके अनुकरण करने का कार्य हम सभी कर रहे हैं। उन्होंने गांव को जोड़ने वाली सड़क को नवनिर्मित कराने का भी आश्वासन दिया। इस दौरान प्रधान बेचेलाल रावत, समिति अध्यक्ष बबलू गौतम, संदीप कुमार, चन्द्रिका, धुन्नी लाल, अमृतलाल, अरविंद रावत, राज बाबू, कैलाश शंकर, सहित युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### संविधान और आरक्षण की करेंगे रक्षा

**उन्नाव, अमृत विचार :** सपा पदाधिकारियों ने बाबा साहब की जयंती पर पार्टी कार्यालय में गोष्ठी की। इसमें जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने जिले के अन्य नेताओं व पदाधिकारियों के साथ उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी हर वंचित, शोषित व पिछड़े वर्ग को ताकत देते हैं। इस दौरान पूर्व सांसद अन्नू टंडन, जिला महासचिव हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, नरेंद्र लोधी, सैय्यद इरफान, साधु यादव, अमन अंजुम, अंकित यादव, राहुल अग्निहोत्री, पंकज लोधी, मोहित लोधी, राहुल गौतम, अफ़जाल अहमद, अतहर अली लाले, लवकेश श्रीवास्तव व अकरम आदि मौजूद रहे।



बाबा साहब की मूर्ति के समक्ष संकल्प लेते सपाई।

# स्वच्छता अभियान तेज करने के दिए निर्देश

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों के तहत मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र में उच्चाधिकारियों ने निरीक्षण किया। आईएएस निदेशक नगरीय निकाय लखनऊ ऋतु सुहास व एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव ने गंगाघाट पहुंचकर मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर व नमामि गंगे घाट का जायजा लिया।

चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग स्थित एमआरएफ सेंटर में अधिकारियों ने कूड़ा पृथक्करण की प्रक्रिया देखी और वहां हो रहे कार्यों की जानकारी ली। कूड़े की बिक्री व उसके लेखा जोखा की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता बनाने के निर्देश दिए। साथ ही डोर-टू-डोर कलेक्शन अभियान को मजबूत करने पर जोर देते हुए ईओ मुकेश मिश्रा को निर्देशित किया कि क्षेत्र में घूमने वाले कबाड़ कारोबारियों को भी इस प्रणाली से जोड़ें जिससे राजस्व में वृद्धि हो सके। निरीक्षण में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने पर विशेष बल दिया गया। ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हो सके। अधिकारियों ने कूड़ा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, शिकायत निस्तारण व जनसहभागिता जैसे बिंदुओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम नमामि गंगे घाट पहुंची और बनारस की तर्ज पर तैयार हो रहे आरती स्थल के कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्य की प्रगति पर संतोष जताया और साफ-सफाई को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

- **निदेशक नगरीय निकाय और एडीएम न्यायिक ने एमआरएफ सेंटर व घाट का किया निरीक्षण**



नमामि गंगे घाट पर ईओ को निर्देश देतीं निदेशक नगरीय निकाय।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बिहार थानाक्षेत्र के नया खेड़ा गांव में विवाहिता का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रशासनिक अफसरों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा। वहीं मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। लेकिन अभी तहरीर नहीं दी है। नयाखेड़ा निवासी कमलेश सिंह के बेटे मयंक की शादी 5 साल पहले रायबरेली जिला के के थाना व गांव सतांव निवासी बृजमोहन सिंह की बेटी लक्ष्मी उर्फ स्वाति (28) से हुई थी। मंगलवार को मयंक बच्चों के बाल कटवाने सुमेरपुर कस्बा गया था। तभी लक्ष्मी ने अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। ससुर कमलेश ने उसे किसी काम से आवाज लगाई लेकिन उत्तर नहीं मिला। कमरे की खिड़की से देखा तो वह पंखे में साड़ी से लटकी दिखी। इस पर लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर वे अंदर पहुंचे तो लक्ष्मी का शव फंदे से लटक रहा था। यह देख कमलेश बेहोश हो गया। जिसे परिजन इलाज के लिये लखनऊ ले गये। इसकी खबर मिलते ही पिता बृजमोहन व मायका पक्ष बेटी की ससुराल पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। एसओ राहुल सिंह ने फोरेंसिक टीम से जांच कराकर एसडीएम को इसकी सूचना दी। बीघापुर तहसीलदार गणेश सिंह के सामने पंचनामा की कार्रवाई कर शव मोर्चरी में रखवाया गया। मायके वालों ने मौखिक रूप से दहेज हत्या का आरोप लगाया है। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि जांच की गई है। अभी तहरीर नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

### मेगा ब्लॉक में 49 एचबीम स्लीपर डाले गए

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 8 घंटे के मेगा ब्लॉक में रेल कर्मियों ने तेजी से काम करते हुए 49 एचबीम स्लीपर डालकर कार्य को गति दी। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्य के 14वें दिन सुबह 9 :35 से शाम 5 :35 बजे तक ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य कराया गया। इस दौरान सीनियर डीईएन, एडीएन प्रथम व एडीएन द्वितीय आदि अधिकारियों की निगरानी में करीब 200 रेलकर्मी मौके पर तैनात रहे। कर्मचारियों ने जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से काटकर हटाया और उनकी जगह नई प्लेटें लगाईं। इसके बाद एचबीम स्लीपर बिछाने का कार्य किया गया। अधिकारियों के अनुसार ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुरू किया गया।

**लिया जायजा** जिलाधिकारी की पहल पर कायाकल्प कर कलम और तलवार की धरती की थीम पर विकसित किया गया गांधी तिराहा

# कलम-तलवार की पहचान के साथ निखरा गांधीनगर तिराहा, आज होगा लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** जिले की ऐतिहासिक पहचान व गौरवशाली विरासत अब शहर के मुख्य चौराहों पर जीवंत होगी। डीएम गौरांग राठी की पहल पर गांधी तिराहा का कायाकल्प कर उसे कलम और तलवार की धरती की थीम पर विकसित किया गया है।

सोमवार को डीएम ने मौके पर पहुंचकर सौंदर्यीकरण व विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने गांधीनगर तिराहा पर स्थापित कलाकृतियों व जिले की महान विभूतियों को समर्पित गौरव शिला का अवलोकन किया। इस शिला पर उन सपूतों की जीवनी व योगदान उकेरे गए हैं, जिन्होंने देश की आजादी व विकास में मुख्य भूमिका निभाई। डीएम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी व बाहर से आने वाले नागरिकों को जिले के समृद्ध इतिहास व गौरवशाली साहित्य परंपरा से अवगत कराना है। सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत केवल सजावट ही नहीं बल्कि जनसुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। तिराहे के आसपास की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात सुगम बनाया गया है। चौराहा को आधुनिक लाइटों से जगमग किया गया है जो में इसकी भव्यता बढ़ाएंगी। उन्नाव विकास प्राधिकरण द्वारा लैंडस्केपिंग व सड़कों के सुधार का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया है। यूएसडीए सचिव शुभम यादव ने बताया कि इस पुनर्विकसित गांधी नगर तिराहे व अन्य विकास कार्यों का औपचारिक लोकार्पण मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे होगा। इसमें सांसद व जिले के अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

### डीएम ने खेत में उतर परखी गेहूं की पैदावार, ख्वाजीपुर में कराई क्रॉप कटिंग

**उन्नाव :** जिले की कृषि उत्पादकता का सटीक आकलन करने व सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए डीएम गौरांग राठी ने सदर तहसील के गांव ख्वाजगीपुर में खुद गेहूं की क्रॉप कटिंग कराई। डीएम की मौजूदगी में हुई इस प्रक्रिया के दौरान गेहूं की औसत उपज 33 .75 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। सदर तहसील के राजस्व गांव ख्वाजगीपुर निवासी विजय शंकर के खेत में रबी की वर्ष 2025-26 के तहत यह प्रयोग किया गया। डीएम ने अपनी देखरेख में निर्धारित क्षेत्रफल को फीते से नपवाया फिर मजदूरों से फसल की कटाई कराई। कटाई के बाद निकले अनाज की मौके पर तौल की गई। जिसमें 14 किलो 500 ग्राम गेहूं निकला। इसी आधार पर गणना कर औसत उत्पादन निकाला गया। डीएम ने क्रॉप कटिंग के महत्व पर कहा कि इससे जिले में फसल उत्पादन का वैज्ञानिक व शुद्ध डेटा मिलता है। यही आंकड़े शासन को भेजे जाते हैं। इसके आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य व फसल बीमा के दावों का निस्तारण सुनिश्चित होता है। सरकार द्वारा भविष्य की कृषि नीतियों व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह प्रक्रिया हर वर्ष अपनाई जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले की सभी तहसीलों में उप जिलाधिकारियों के माध्यम से भी इसी तरह क्रॉप कटिंग कराई जा रही है। ताकि जिले का औसत उत्पादन निकल सके। इस दौरान उपनिदेशक कृषि रवि चंद्र प्रकाश, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, संबंधित लेखपाल व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।



खेत में क्राप कटिंग कराते डीएम गौरांग राठी।

### संस्कार भारती ने आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**उन्नाव, अमृत विचार :** कल्याणी देवी मोहल्ले में संस्कार भारती द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें संस्था के सदस्यों ने सुरों की मलिका आशा भोंसले को श्रद्धांजलि देने के साथ डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने कहा कि आशा भोसले की आवाज व बहुमुखी प्रतिभा ने भारतीय संगीत को विश्व पटल पर नई ऊंचाइयां दी हैं। महामंत्री सिया राम पांडेय ने कहा कि आशा जी के गीतों ने भारतीय संस्कृति को संजोते हुए समाज को सकारात्मक दिशा भी दी। इसमें गणित क्षेत्र में भारत का लोहा मनवाने वाले आर्यभट्ट की भी जयंती मनाई गई। प्रदीप राघव निगम ने आर्यभट्ट द्वारा दुनिया को शून्य और पाई का मान बताने के ऐतिहासिक योगदान पर चर्चा की। साथ ही महेंद्र शंकर त्रिपाठी ने बाबा साहब के जीवन व उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

न्यूज ब्रीफ

## चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार

**हरदोई, अमृत विचार।** सदर तहसील के ग्राम बखरिया निवासी हर्ष सिंह ने उपजिलाधिकारी सदर से शिकायत करते हुए चकमार्ग के कब्जे को हटाए जाने व कब्जेदारों पर कार्यवाही की मांग उठाई है। आरोप है कि एसडीएम से पूर्व में कई बार पीड़ित हर्ष सिंह ने अपने गांव बखरिया से लेहना गांव जमीन राजस्व नक्शे पर चकमार्ग पर दर्ज है। जिस पर गांव के दबंगों ने अपने कब्जा कर रखा है। चकमार्ग कब्जा होने के चलते कई दर्जन किसानों की आवजाही प्रभावित होने से खेतों में फसलों की बुआई और सिंचाई के लिए संसाधन खेतों तक नहीं पहुंच रहे है। आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो से कई बार एसडीएम सदर ने मौक पर पैमाईश कर स्पॉट मेमो तलब की। लेकिन राजस्व कर्मचारी चकमार्ग के अवैध कब्जेदारों को संरक्षण दे रहे। शिकायत पर कार्यवाही की बजाय टाल मटोल कर रहे है। एसडीएम सदर सुशील मिश्र ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। राजस्व कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए कब्जामुक्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## मल्लावां में भागवत कथा का शुभारंभ

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के बादाटोला में भागवत कथा का पूजन अर्चन और कलश यात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। गंगारामपुर निवासी सालिक राम शर्मा द्वारा भागवत आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास आचार्य सत्यम शर्मा ने भगवान की कथा सुनाई।

## मारपीट का आरोप

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम तेरिया भवानीपुर निवासी राजवीर ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका लड़का पुष्पेंद्र 12 अप्रैल को गांव के जाबिर के यहां छप्पर उठवाने गया था। वहीं पर उसके लड़के को गांव का सुफियान गाली गलौज करने लगा, जब मना किया, तो सुफियान, मोहम्मद हारून ने लड़के को गाली करके लात घूसों डंडों से मारा पीटा, जिससे चोट आई है।

# सड़क हादसों में दो की मौत

## ट्रैक्टर-ट्रालियों के शिकार हुए साइकिल व बाइक सवार

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। माधौगंज में ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। जबकि अरवल थाना क्षेत्र में तेरहवीं से लौट रहे बाइक सवार की ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा कर मौत हो गई।

पहली घटना में माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तेरवा निवासी जगदीश पुत्र मंगलदास साइकिल से सामान लेने की बघौली रोड को जा रहे थे, तभी मवेशी अस्पताल के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। रहगीरो की मदद से जगदीश को सीएचसी लाया गया, जहां पर मृत घोषित किया। मृतक के भाई विधुर ने बताया कि जगदीश गल्ला मंडी में आढ़ती के यहां तोलाई का कार्य करते थे। इनकी एक मात्र पुत्री है जिसकी शादी हो गयी है।

### बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल कोतवाली क्षेत्र के बाकरपुर गांव के पास दो बाइक आपस में भिड़ गई जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी बाइक सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पंकज (18) पुत्र अरविंद पाल निवासी ग्राम सुरजनियापुर थाना शाहाबाद बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक आश्रम में अंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहा था। उसके साथ अंश 16 वर्ष भी बाइक पर बैठा था। बाकरपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे पंकज और अंश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएससी शाहाबाद से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



पत्नी की मौत पहले हो चुकी है।

वहीं दूसरी घटना में अरवल थाने के मुरवा शहाबुदीनपुर निवासी 35 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र राजबहादुर जयपुर (राजस्थान) के छापाखाना में नौकरी करता था। वह दो महीनें पहले ही मकान बनवाने के लिए गांव आया था। वह उसी मकान में पत्नी रेखा देवी व दो बेटों के साथ रहता था। सोमवार को धर्मपुर में रिश्तेदार की तेरहवीं थी। प्रेमपाल उसी में शामिल होने धर्मपुर गया था। जहां से वापस लौटते हुए दहेलिया-बेड़ीजोर रोड पर बेसहरा गांव के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, उसे सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

# हरदोई-सांडी-गुरसहायगंज रेल लाइन फिर से पिंक बुक में शामिल, लोगों को जगी उम्मीदें

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हरदोई से गुरसहायगंज वाया सांडी प्रस्तावित रेल लाइन एक बार फिर चर्चा में है, क्योंकि इसे रेल बजट 2026-27 के बाद जारी रेलवे की पिंक बुक में शामिल किया गया है। इस परियोजना का नाम सामने आते ही लोगों की उम्मीदें फिर से जाग उठी हैं।

हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब इस रेल लाइन को पिंक बुक में जगह मिली हो। इससे पहले वर्ष 2019 में भी इसे सूचीबद्ध किया गया था, 59.30 किलोमीटर के लिए 1302 करोड़ रुपए की स्वीकृति पिंक बुक में मिली थी, हालांकि पूर्व के वित्तीय वर्ष में आवंटित धनराशि में इजाफा भी हुआ, लेकिन करीब सात साल बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस काम जमीन पर नजर नहीं आया।हरदोई और आसपास के




रेल लाइन के लिए किया गया चिन्हीकरण।

क्षेत्रों के लोग लंबे समय से इस रेल मार्ग के निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह लाइन शुरू होने से कानपुर तक की यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। वर्तमान में यात्रियों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जबकि इस प्रस्तावित रूट के बनने से समय की बचत के साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी मिल सकेगी। इसके अलावा व्यापारिक गतिविधियों को भी बड़ा फायदा होने की उम्मीद है।

स्थानीय व्यापारियों के लिए यह रेल लाइन काफी अहम मानी जा रही है। हरदोई से हर मंगलवार और रविवार को बड़ी संख्या में व्यापारी कपड़े, जूते और सर्राफा से जुड़े सामान के लिए कानपुर जाते हैं। वहीं कानपुर से माल लाकर हरदोई में कारोबार करते हैं। यदि यह रेल मार्ग चालू हो जाता है, तो उनके लिए परिवहन और भी आसान हो जाएगा, जिससे व्यापार को गति मिलेगी।

### जनप्रतिनिधियों पर टिकीं लोगों की नजरें

रेलवे प्रशासन द्वारा इस परियोजना को लेकर पहले सर्वे भी कराया जा चुका है। निजी एजेंसी के माध्यम से किए गए सर्वे के बाद भूमि अधिग्रहण और सीमांकन की प्रक्रिया भी शुरू की गई थी। यहां तक कि किसानों को रेलवे की जमीन पर खेती न करने के निर्देश भी दिए गए थे। इन गतिविधियों के चलते लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका।हर साल पिंक बुक में नाम शामिल होने से उम्मीदें तो बनती हैं, लेकिन काम शुरू न होने से निराशा भी बढ़ती है। इस बार फिर लोगों की नजरें जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं। अब देखना होगा कि इस बार पिंक बुक में शामिल होने के बाद यह परियोजना कागजों से निकलकर हकीकत बन पाती है या नहीं।

### सांसद जय प्रकाश रावत ने कहा-

हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत ने भरोसा दिलाया है कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे और संसद में इसे प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि चालू वित्तीय वर्ष में इस परियोजना पर काम शुरू कराया जाए।

# स्टेशन पर ईआई कार्ड बदला गया, दो घंटे तक रहा ब्लॉक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को लखनऊ से आई रेलवे की तकनीकी टीम ने महत्वपूर्ण कार्य करते हुए इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग (ईआई) सिस्टम के कार्ड बदले। इसके लिए कंट्रोल से 2 घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान अप लाइन का रेल संचालन भी प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार डीएसटीई अनुराग श्रीवास्तव टीम के साथ स्टेशन पहुंचे व सबसे पहले स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद कंट्रोल से ब्लॉक की मांग की गई। जिस पर सुबह 9:55 से 11:55 बजे तक 2 घंटे का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलते ही उनकी देखरेख में ईआई कार्ड बदलने का कार्य शुरू हुआ और निर्धारित समय में कार्य पूरा कर लिया गया। ब्लॉक के दौरान संबंधित ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित रहा। उनके अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम सिग्नल संचालन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे ट्रेनों की आवाजाही को सुरक्षित बनाया जाता है। इस दौरान लगभग 20 कार्ड बदले गए। बताया गया कि इन कार्डों को सामान्यतः 10 वर्ष में बदला जाता है। इससे पहले 14 फरवरी 2016 को स्टेशन पर नया इलेक्ट्रॉनिक पैनल लगाया गया था और यह पहली बार है जब इन कार्डों को बदला गया है।

# पुलिस लापरवाही न करती तो न जाती युवती की जान

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार Follow UP

- एकतरफा प्रेम में सरेराह फावड़ा मारकर हत्या करने का मामला
- आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**अमृत विचार।** पुलिस से ऋषभ जैसे सिरफिरे को कमतर समझने की जो भूल न करती तो शायद युवती की जान न जाती। एकतरफा प्रेम में पागल हत्यारोपी ने शिल्पी की ज़िंदगी तबाह कर रखी थी। वैवाहिक जीवन तबाह करने के बाद मायके में रही रही युवती को आखिरकार अपनी जान गंवानी पड़ी। हत्या से पहले कई बार आरोपी घर में घुसकर हमला कर चुका था, जिसकी शिकायत पर भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई नहीं की, उसी नतीजा सामने आया कि सिरफिरे ने आखिरकार युवती की हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार यदि शुरुआत से ही पुलिस सख्त हो जाती तो शायद उसकी इतनी हिम्मत नहीं होती। अब पुलिस की तीन अलग-अलग टीमें उसे ढूंढती घूम रहीं है।



मृतका शिल्पी की फाइल फोटो।

बताते चलें कि सोमवार की शाम को मल्लावां कोतवाली के गढ़ी रसूलपुर की शिल्पी पुत्री रामरहीस कुशवाहा घर से कूड़ा फेंकने निकली थी, तभी रास्ते में गांव का ऋषभ द्विवेदी पुत्र प्रमोद द्विवेदी उसके पास पहुंचा और फावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी।

पूरे मामले में पूछताछ में सामने आया कि ऋषभ द्विवेदी शिल्पी से एकतरफा प्यार करता था। जबकि उसकी शादी नयागांव के गोविंद से हो चुकी थी। लेकिन ऋषभ उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था। पिता रामरहीस ने बताया कि शादी से पहले 18 जुलाई 2017 में ऋषभ की हरकत पर झगड़ा हुआ था। जिसमें उसके मां-बाप पर पिटाई करने का आरोप लगा था। शिल्पी ससुराल में खुश थी, लेकिन ऋषभ वहां बेटी के पति गोविंद के सामने बदनाम कर रहा था। नतीजतन पति-पत्नी के रिश्ते में दरार पड़ गई। शिल्पी मायके आ गई, लेकिन फिर भी आरोपी हरकतों से बाज़ नहीं आया। शिकायत करने पर जब पुलिस ने कोई ठोस सुनवाई नहीं की तो पिता रामरहीस ने घर छोड़ दिया और गांव के बाहर रहने लगा।

ऋषभ पिछले साल 24 जुलाई को वहां भी जा धमका और घर में घुस कर शिल्पी से ज़बरदस्ती करनी चाही। शिल्पी ने किसी तरह अपना बचाव किया। उस मामले में पुलिस ने आरोपी ऋषभ को हल्की-फुल्की धाराओं में जेल भेजा। वहां से छूट कर आने के बाद उसके तेवर कम नहीं हुए बल्कि ऐसे तीखे हो गए कि उसने शिल्पी की हत्या करने में तनिक भी हिचक महसूस नहीं की, लेकिन अगर शुरुआत से पुलिस थोड़ा सख्त होती तो शायद शिल्पी ज़िंदा होती। अब एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम की निगरानी पुलिस की तीन टीमें उस सिरफिरे को ढूंढती घूम रहीं हैं।

### सीधे वार से चूर-चूर हो गई सिर की कई हड्डियां

**हरदोई।** हत्यारोपी ऋषभ ने घर से कूड़ा फेंकने निकली शिल्पी के ऊपर फावड़े से सीधा हमला कर दिया, सिर पर दाहिने तरफ ऐसा ज़ोरदार वार किया कि तकरीबन 15 सेंटीमीटर तक उसका सिर फटा ही नहीं बल्कि हड्डियां तक चूर-चूर हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ऐसा दावा करते हुए आगे कहा गया है कि सिर के अलावा उसके दोनों कंधो और पीछे पाठ के नीचे दोनों हिस्सों में भी चोंट पहुंची।

# जयंती पर याद किए गए डॉ. भीमराव आंबेडकर

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव,

**अमृत विचार।** डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती नगर व आसपास के क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से मनाई गई। इसमें विभिन्न मोहल्लों में संगोष्ठियां आयोजित कर बाबा साहब के व्यक्तित्व, कृतित्व व सामाजिक संघर्षों पर प्रकाश डाला गया। नगर के सिद्धार्थनगर, स्टेशन रोड, पन्नी टोला, प्रेमगंज व कटरा आदि मोहल्लों में जयंती समारोह आयोजित हुए। बीडीएस स्कूल कटरा के प्रबंधक महेश यादव व संजीव शुक्ल की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरुण शंकर शुक्ल 'अन्ना महाराज' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना में डॉ. अंबेडकर का योगदान सर्वोच्च है। पूर्व सभासद सुनील कुमार ने बाबा साहब के विचारों को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया व उन्हें समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत कहा। समारोह के समापन पर डॉ. अंबेडकर की एक शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा हरदोई-उन्नाव मार्ग से शुरू होकर बाईपास स्थित बौद्ध विहार पर समाप्त हुई। इस अवसर पर डॉ. हरिपाल, जयचंद्र, छोटेलाल, मुफीस अहमद, पंकज, रामचंद्र, आनंद, राहुल, अजय, जगरूप, महेश गौतम, आकाश, विनय, रोहित, विनोद, सोहन, अतुल, नवनीत कुमार, सर्वेश कुमार, अखिलेश और अभिषेक सहित अन्य मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण। अमृत विचार




बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को किया याद

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके विचारों को सामाजिक समानता, शिक्षा व न्याय का आधार बता उन्हें अपनाने का आह्वान किया। इसमें मुकेश तिवारी, जिला मंत्री अवनीश शुक्ला, अनुज तिवारी, अमित पाण्डेय, दिनेश अवस्थी, अंजनीकांत मिश्र, आशुतोष शुक्ला, शिवशरण अग्निहोत्री, सत्यकुमार उपाध्याय आदि रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### बाबा साहब की मनाई गई 135वीं जयंती

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी में समाजसेवी वीरेंद्र शुक्ला के आवास पर कार्यक्रम हुआ। इसमें बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और मिठाइयां बांटी गईं। वीरेंद्र शुक्ला ने कहा कि यह दिवस सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के संदेश को आत्मसात करने का अवसर है। कार्यक्रम में राजन कनौजिया, डॉ. अरुण सविता, सुनील तिवारी, मिंटू निषाद, सर्वेश राजपूत, सुरेश निषाद, करण सिंह भारती, मोहम्मद नियाज, मोहम्मद जीशान, आशा अग्रवाल, नगमा बेगम आदि मौजूद रहे।



पूर्व सांसद को बाबा साहब का चित्र भेंट करते लोग। अमृत विचार

### कीर्तन-भजन कर व रैलियां निकाल मनाई गई बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती

**बिछिया उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र में बाबा साहब की 135वीं जयंती पर लोगों में हर्ष व उल्लास दिखा। जगह-जगह उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके कृतित्व का वर्णन किया गया। वहीं, जगह-जगह भंडारे, कीर्तन-भजन व रैलियां निकली गईं। तौरा में पूर्व सांसद अन्नू टंडन व डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह और उनके सहयोगियों ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं घूर खेत में विधायक प्रतिनिधि मोहन काका व मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने चित्र पर माल्यार्पण किया। जगेथा में प्रधान नारायण व अन्य ने बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई।

### बाबा साहब के आदर्शों पर चलने को किया प्रेरित

**उन्नाव, अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महात्मा गांधी इंटर कॉलेज तौरा के प्रबंधक व समाजसेवी डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेरणा स्थल तौरा में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए कहा। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। इसमें डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह, धून प्रशांत व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



कार्यक्रम में विचार रखते शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल। अमृत विचार

# उपासना, कुनाल व खुशी ने बढ़ाया जिले का मान



उपासना व खुशी को रवाना करते संजीव संखवार व प्रदीप वर्मा।

**उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा की छात्रा उपासना का एथलेटिक्स बालिका वर्ग में केंद्रीय खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। बालक वर्ग में कुनाल का चयन हुआ और खुशी को प्रतीक्षा सूची में स्थान मिला है। खिलाड़ी 15 से 29 अप्रैल तक वाराणसी के लालपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। पीएसपीएसए के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार, महामंत्री प्रदीप वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश सब्बरवाल व खेलो इंडिया उन्नाव के कोच कुशमेश कुमार ने उपासना, कुनाल व खुशी को बधाई देते हुए कहा कि तीनों खिलाड़ी खेलो इंडिया के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर कोच प्रदीप वर्मा, बीएसए शैलेश पांडे, बीईओ संजय शुक्ल, पुरुषोत्तम यादव, रईसुल गौहर, विश्वजीत, विद्या सागर, हैदर, शशि देवी, शाहे खुबा ने हर्ष व्यक्त किया।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, मवेशी झुलसा

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत कस्बा के मोहल्ला सराय फजल अजीम में देररात अज्ञात कारणों से एक गोड़े में आग लग गई। घटना के समय गोड़े में बंधी 1 भैंस आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। लपटें देख आसपास के लोग पहुंचे और निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। लोगों ने करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि यह गोड़ा मोहल्ला निवासी हरिशचंद्र पुत्र मेवालाल के घर के पास बना था।

समस्या

प्रशासन की चुप्पी से आम नागरिक हो रहे धोखाधड़ी के शिकार

# हरदोई में अवैध प्लॉटों की बिक्री का फैला जाल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों अवैध प्लॉटिंग और बिना स्वीकृति के भूखंडों की बिक्री का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक कई स्थानों पर जमीनों को छोटे-छोटे प्लॉटों में काटकर बिना किसी वैध नक्शा पास कराए या विकास प्राधिकरण की अनुमति लिए बेचा जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि इस पूरे मामले में प्रशासनिक उदासीनता साफ नजर आ रही है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कई प्रॉपर्टी डीलर और भूमाफिया किसानों की जमीनों को सस्ते दामों पर खरीदकर उन्हें आवासीय प्लॉट के रूप में बेच रहे हैं, जबकि इन जमीनों का न तो भू-उपयोग परिवर्तन कराया गया है और न ही किसी प्रकार की वैधानिक स्वीकृति ली गई है। ऐसे प्लॉट खरीदने वाले आम नागरिक नियम-कानून की जानकारी के अभाव में निवेश कर रहे हैं और बाद में कानूनी जटिलताओं में फंस जाते हैं।

### जागरूकता ही बचाव

विशेषज्ञों और समाजसेवियों ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्लॉट को खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें। संबंधित विकास प्राधिकरण या तहसील से नक्शा स्वीकृति, भूमि उपयोग और रजिस्ट्री की वैधता की पुष्टि करना अत्यंत आवश्यक है।

### नियमों की अनदेखी, भविष्य पर संकट

विशेषज्ञों का कहना है कि बिना स्वीकृत लेआउट वाले प्लॉटों में न तो सड़क, नाली, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की कोई गारंटी होती है। भविष्य में जब प्रशासन इन अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करता है, तो सबसे अधिक नुकसान उन लोगों को होता है जिन्होंने अपनी जीवनभर की पूंजी लगाई होती है।

### प्रशासन की भूमिका पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन को इन अवैध गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई जगहों पर खुलेआम प्लॉटिंग के बोर्ड लगे हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा न तो जांच की जा रही है और न ही रोकथाम के प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

### आम नागरिकों के सपनों पर भी खतरा

हरदोई में अवैध प्लॉटिंग का यह बढ़ता जाल न केवल शहरी विकास को अव्यवस्थित कर रहा है, बल्कि आम नागरिकों के सपनों पर भी खतरा बनता जा रहा है। ऐसे में प्रशासन को सख्त कार्रवाई करते हुए इस पर रोक लगानी चाहिए, वहीं नागरिकों को भी जागरूक होकर ही किसी भी प्रकार का निवेश करना चाहिए।

## ग्राम समाज की भूमि पर अंबेडकर प्रतिमा लगवाने का आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव पंचायत आशायस के मजरा नंगा खेड़ा निवासी विद्या सागर ने जन शिकायत पोर्टल पर डीएम गौरांग राठी को प्रेषित शिकायतीपत्र में कहा कि उसके गांव के पास ग्राम समाज की भूमि है। बीती 13 अप्रैल को गांव के कोटेदार, प्रधान व हल्का लेखपाल की मिलीभगत से पड़ोसी गांव पोहपी खेड़ा निवासी कुछ अराजक तत्वों ने ग्राम समाज की जमीन पर जबरन अंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर दी। प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रशासन से अनुमति भी नहीं ली गई। शिकायतकर्ता ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से स्थापित प्रतिमा हटवाने की डीएम से गुहार लगाई है।

# बिलग्राम चौराहे पर दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर में गुमटियां धराशाई

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सड़क किनारे लगी दो पान गुमटियां पूरी तरह चकनाचूर हो गईं, जबकि पास स्थित एक मेडिकल स्टोर का टीन शेड भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ट्रक तेज गति में थे और संतुलन बिगड़ने के कारण आमने-सामने टकरा गए। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकानों में जा घुसे, जिससे विक्की और प्रकाश पान भंडार पूरी तरह तबाह हो गए। वहीं शिवांगी मेडिकल स्टोर का टीन शेड टूटकर नीचे गिर पड़ा।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। क्षतिग्रस्त सामान हटवाकर यातायात को सुचारु कराया गया। इस हादसे से छोटे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित दुकानदारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार व लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।



दुकानों में घुसा ट्रक। अमृत विचार

# बाबा साहब ने सशक्त, समरस व विकसित भारत निर्माण का दिखाया मार्ग

## जिले भर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती,

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला पंचायत परिसर स्थित नवनिर्मित प्रेरणा स्थल पर भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती के संयोजन में हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान ने जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन समर्पित कर, जन्मजयंती समारोह का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम मे डॉ आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों के लिए समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। कार्यक्रम आयोजक अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर को नमन वंदन कर उपस्थित क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, समरस एवं विकसित भारत का निर्माण संभव है।

वहीं हरदोई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आल इंडिया एस.सी./एस.टी. रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन, शाखा हरदोई द्वारा 135वें जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों और अन्य लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव बबलेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान अध्यक्ष मुरलीधरन प्रसाद सहित सन्तोष वाल्मीकि, बाबूलाल, राम सिंह, अनिल, तेजपाल और मोहन लाल वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।



बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान व अन्य।

### आंबेडकर के विचारों से लें प्रेरणा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित परिचयात्मक बैठक में मुख्य अतिथि द्वारा भाजपा पदाधिकारियों से डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्श विचारों से प्रेरणा प्राप्त कर अंतिम पायदान तक आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और संवैधानिक नैतिकता का मार्ग प्रशस्त करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सांसद सदर जय प्रकाश रावत, सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, विधायक साण्डी प्रभाष कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट में मनाई गई डा. आंबेडकर जयंती

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पजंलि अर्पित की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी एवं कलेक्टेट व विकास भवन के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाई गई बाबा साहब की जयंती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती शोभायात्रा निकाल कर मनाई गई। जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार अजंता बुद्ध विहार से भव्य शोभायात्रा बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मल्लावां संवाददाता के अनुसार कस्बे के मोहिउद्दीनपुर पपिनिया में भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य विधायक आशीष सिंह आशू ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बताया कि उन्होंने भारत के संविधान का निर्माण कर समता मूलक भारत की संरचना की। माधौगंज संवाददाता के अनुसार विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ तिराहे पर स्थित आजाद समाज पार्टी के कार्यालय पर आंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित कर किया गया है। प्रबुद्ध जिला संयोजक रामनाथ हंस ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर चले शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' के मूल मंत्र को अपनाएं और समानता व सामाजिक न्याय के प्रति संकल्पित रहें। इस मौके पर ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार तिवारी, अनुज कुमार, गोपाल,डा महिपाल यादव, पुत्तीलाल, गंगा राम, दीनानाथ गौतम, वीरेन्द्र सिंह गौतम, अवधेश भारती आदि लोग मौजूद रहे।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और तत्पश्चात एक जनसभा को संबोधित किया। मंत्री ने कहा बाबा साहब ने समाज को एक नई दिशा दी है। संडीला संवाददाता के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने तहसील संडीला के अंतर्गत विभिन्न अलग-अलग स्थानों पर बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बेनीगंज संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत के वार्ड चमारन टोला स्थित बाबा साहब मन्दिर को सभासद राजेश चौधरी व वार्ड वासियों द्वारा फूल मालाओं से सजाया गया। नगर भ्रमण करते हुए मुख्य चौराहे से प्रतापनगर चौराहे तक मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संजय कुमार अग्रहरि के साथ कामरान अंसारी, मोनू सभासद, राजेश चौधरी सभासद, अमन भैया सभासद, श्रीनिवास सभासद व अन्य सभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। पिहानी संवाददाता के अनुसार नगर में डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में रैली निकाली गई।



माधौगंज में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

# विधायक बोले, मोदी-योगी की करें पूजा

- आंबेडकर जयंती पर गांधी मैदान में आयोजित सम्मेलन में भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने दिया विवादित बयान
- कहा, पत्थर के आगे गिरने से कुछ नहीं मिलने वाला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पत्थरों के आगे गिरने से भी कुछ हासिल नहीं होगा, असली भगवान तो मोदी और योगी हैं, जिनमें कुछ देने की क्षमता है और बहुत कुछ दे भी सकते हैं, इसलिए उनकी पूजा करो। यह बयान है भाजपा विधायक श्याम प्रकाश का, वह मंगलवार को आंबेडकर जयंती पर शहर के गांधी मैदान में एकीकृत पासी समाज उ.प्र.के बैनर तले आयोजित सम्मेलन में बोल रहे थे। अकसर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले श्याम प्रकाश ने कहा कि पत्थर को पूजने से कुछ नहीं मिलने वाला, पूजा करनी है तो ढोंग और पाखण्ड से दूर रह कर मोदी और योगी की पूजा करों, ताकि कुछ हासिल हो।

विधायक ने कहा कि भाजपा में उनके समाज का महत्व है और उसी में कल्याण भी है। केन्द्रीय मंत्री कमलेश पासवान की मौजूदगी में भाजपा विधायक ने कहा कि घाट-घाट का पानी पीने के बाद भाजपा में पहुंचे है, वहां उन्हे पता चला कि भाजपा में ही उनके समाज का सम्मान है। कहा कि कोई भी दलित नेता समाज का कल्याण नहीं कर सकता, क्योंकि सारे दल स्वार्थी हैं, सिर्फ बेवकूफ बना कर कुर्सी हासिल करते हैं।



सम्मेलन में बोलते विधायक श्याम प्रकाश।

# डा. बीआर आंबेडकर के विचार समाज के निर्माण को करते हैं प्रेरित : शराफत अली

**हरदोई, अमृत विचार।** सपा कार्यालय पर मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में भारत रत्न भारतीय संविधान के शिल्पकार समानता और न्याय के प्रतीक डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष ने उनके जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष ज्ञान और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है उनके विचार ऐसे समाज के निर्माण को प्रेरित करते हैं जहां हर नागरिक को समान अधिकार सम्मान व अवसर प्राप्त हो। उनके आदर्शों को अपनाकर सामाजिक न्याय समानता और सशक्तिकरण के उनके सपनों को साकार कर सके बाबा साहब के बनाये हुए संविधान में देश की आत्मा बसती है।



आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शराफत अली। अमृत विचार

### संडीला में भी डॉ. आंबेडकर को यादकर किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कस्बे के इमलिया बाग रोड से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अधिवक्ता भवन सण्डीला में आंबेडकर जयंती मनाई गयी जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार आनंद वर्धन सिंह, अधवक्ता संघ के अध्यक्ष नसीम खां, मंत्री नागेंद्र मिश्रा, एडवोकेट अभिषेक दीक्षित आदि ने सभा को सम्बोधित किया। ग्राम मजरा सांक में भी आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी शामिल हुईं। उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बंगालपुर, मजरा पिरथापुर, ब्लॉक भरावन में आयोजित कार्यक्रम में शिल्पा अग्रवाल ने पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। नगर क्षेत्र में अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क में नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद रईस अंसारी ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# कार सर्विस सेंटर में आग लगने से मचा हड़कंप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बिजली का शार्ट सर्किट होने से कार सर्विस सेंटर में अचानक आग लग गई,सर्विस सेंटर की ऊपरी मंज़िल से निकल रहीं आग की लपटें देख कर आस-पड़ोसी अपने-अपने घरों से निकल कर सड़क पर आग गए।

शाहजहांपुर रोड पर बढ़ैइनपुरवा में सोमवार की रात हुए इस तरह के हादसे की खबर सुनते ही पहुंचे दमकल कर्मी करीब एक कोतवाली देहात के पण्डित पुरवा निवासी नसीम का बढ़ैइनपुरवा में कार सर्विस सेंटर है। सोमवार की शाम को सर्विस सेंटर बंद हो चुका था,उसी बीच रात में 33 हज़ार की बिजली लाइन में स्पार्किंग होने से सर्विस सेंटर की दो मंजिला इमारत में आग लग गई। आग कई लपटें पड़ोसी विक्की के मकान तक पहुंच गई। आग के हो रहे धमाकों से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी शिवराम सिंह टीम के साथ पहुंचे। इमारत की पहली मंजिल पर सर्विस सेंटर की एक दीवार को तोड़ा गया, उसके बाद घंटे भर बाद आग पर काबू पाया जा सका। सर्विस सेंटर के मलिक नसीम ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है, समय रहते उन्होने वहां खड़ी दो कारें पहले ही बाहर निकाल ली थीं, वरना उन्हे बचाना मुश्किल हो सकता था।



आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### विस्फोट होता तो हिल सकती थीं बुनियादें

बताया गया है कि कार सर्विस सेंटर में आग लगने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी, वहां कुछ सीएनजी गाड़ियां खड़ीं थीं, अगर उन तक आग की लपटें पहुंचती तो सीएनजी टैंकर में विस्फोट और विस्फोट से अगल-बगल की बुनियादें तक हिल सकती थी। सर्विस सेंटर के आस-पड़ोसियों का कहना है कि गनीमत रहा कि सब कुछ समय से पहले हो गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत कस्बा में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान महिला आरक्षी आरती और महिला आरक्षी अंजू, थाना बिलग्राम जनपद हरदोई ने महिलाओं को महत्वपूर्ण टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। जिन पर आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, निकाली गई जागरूकता रैली

**हरदोई, अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर फायर विभाग द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने किया और फायर स्टेशन सदर में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव विषय पर एक जनजागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार अग्निशमन दिवस के अवसर पर मंगलवार को कस्बा में प्रभारी अग्निशमन केंद्र बिलग्राम अशोक कुमार द्विवेदी ने किया। उनके साथ फायरमैन अमन द्विवेदी, करुणा शंकर, दीपक कुमार, अजय कुमार और अरविंद कुमार सहित पूरी टीम मौजूद रही। टीम ने बाजार, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों और स्थानीय नागरिकों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे वे आपात स्थिति में स्वयं और दूसरों की सहायता कर सकें।



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते अधिकारी।

## फायर ब्रिगेड कर्मी की दुर्घटना में मौत, पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बाइक की टक्कर से दुर्घटना का शिकार हुए फायर ब्रिगेड कर्मी की पत्नी ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उर्मिला पत्नी नन्हे राठौर निवासी महोलिया शिवपार कोतवाली देहात के अनुसार उसके पति फायर ब्रिगेड में कुक थे। 12 अप्रैल को रात्रि में ड्यूटी करके वापस आ रहे थे। लोनी चीनी मिल के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। हरदोई ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। 13 अप्रैल को तड़के सुबह उन्हें पति की मौत की सूचना मिली। बाइक नंबर के आधार पर पीड़ित पत्नी ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पत्नी के हत्यारोपी ने पति पर लाठी व बांके से किया हमला

- पीड़ित की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पत्नी के हत्यारोपी ने खेत से लौट रहे उसके पति को घेराबंदी कर रोका और लाठी व बांके से हमला कर दिया, किसी तरह प्रधान के घर में घुसकर उसने बचाव किया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है, पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

कोतवाली देहात के बरगावां निवासी 40 वर्षीय महेश पुत्र जदुनाथ मंगलवार की रात को खेत से कोईलीपुरवा होते हुए घर लौट रहा था। उसी बीच घेराबंदी कर उसे रास्ते में रोककर लाठी और बांके से हमला कर दिया गया। महेश का कहना है कि वह अपना बचाव करते हुए कोईलीपुरवा के घर घुस गया, प्रधान की सूचना पर पुलिस पहुंची, महेश को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी तहरीर में हमलावरों में जितेंद्र और उसके साथियों के नाम दिए गए है। महेश के मुताबिक जितेंद्र और उसके बीच काफी गहरी दोस्ती थी,उसके घर में आना-जाना हो गया। उसी दौरान जितेंद्र और महेश की पत्नी सोनाश्री के बीच नज़दीकी बढ़ने लगी,शक होने पर महेश ने जितेंद्र का अपने घर आना बंद कर दिया,तभी से जितेंद्र उससे रंजिश मानने लगा। 4 मार्च 2022 को जितेंद्र ने महेश की पत्नी को बहाने से बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। सोनाश्री का शव 6 मार्च को हरियावां थाने के मरई गांव से बरामद हुआ था। उसी मामले में महेश गवाह था। ज़मानत पर छूटने के बाद जितेंद्र सुलह-समझौते के लिए महेश पर दबाव बना रहा था। उसी की रंजिश पर पत्नी की हत्या के गवाह उसके पति पर हमला किया गया। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।



मेडिकल कालेज में भर्ती महेश।

### कस्बे में तीन रोज़ा उर्से ज़हूरी आज से

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** खानकाहे ज़ुहूरिया, मोहल्ला मैदानपुरा,में आज 15 अप्रैल से तीन रोज़ा उर्से ज़हूरी का आगाज़ हो रहा है। इस मुबारक मौके पर अकीदतमंदों के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उर्स का आगाज़ आज 15 अप्रैल को होगा, जिसमें बाद नमाज़े इशा मिलाद शरीफ का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 16 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी, जबकि रात में बड़े दायरे में महफिले सिमा सजाई जाएगी, जिसमें मशहूर कव्वाल हज़रात अपने कलाम पेश करेंगे।

आस्था | श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

# 250 वर्ष प्राचीन मंदिर की हुई पुन : प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भरावन कस्बे में स्थित 250 प्राचीन नागेश्वर महादेव मन्दिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा हुई। सोमवार को नागेश्वर महादेव मन्दिर में पुनः भगवान शिव और हनुमान जी महराज, नव दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंगलवार को भरावन क़स्बा होते हुये शीतला माता मन्दिर, आस्तिक मुनि मन्दिर से अतरौली होते जंगली शिव महादेव मन्दिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। नागेश्वर महादेव मन्दिर के संरक्षक राम लखन द्विवेदी नें बताया नागेश्वर महादेव मन्दिर भरावन के राजा देव सिंह के पूर्वजों द्वारा 250 वर्ष पूर्व बनाया था और जिसको क्षेत्र के लोगो की मदद से जीर्णोद्धार करके पुनःभगवान शिव के साथ अन्य देवी देवताओ की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इसी क्रम में बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। शो हा यात्रा में भक्त राजेश अवस्थी, आलोक शुक्ला, बीरु तिवारी, शोभित शुक्ला, सौम्य बाजपेई, श्रीपाल बाजपेई, अश्वनी शुक्ला, गोपाल रस्तोगी, पप्पू रस्तोगी जगदीश माली मौजूद रहे।



नागेश्वर महादेव मन्दिर की शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## बुज़ुर्ग का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** शाम से लापता बुज़ुर्ग का शव अगले दिन रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। शाहाबाद कोतवाली के वाजिद खेल निवासी हमीद (70) खेती-किसानी करता था। उसके दो बेटे असलम, अलीम के अलावा तीन बेटियां है। असलम ने बताया कि कुछ महीनों से उसके पिता डिप्रेशन में रह रहे थे। सोमवार शाम घर से बाहर निकले, उसके बाद देर तक वापस नहीं लौटे। घर वाले पूरी रात उन्हे ढूंढते रहे। मंगलवार की भोर पहर शर्मा हाल्ट के रेलवे ट्रैक पर उनका शव पड़ा मिला।



# एक टीन शेड के नीचे 200 गोवंश

संवाददाता, पिहानी-हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम अलावलपुर मजरा गाड़ीपुरा के गौशाला से सामने आई तस्वीरें व्यवस्थाओं की पोल खोलती नजर आ रही हैं। करीब 200 से अधिक गोवंश मौजूद हैं, लेकिन छाया के नाम पर महज एक टीन शेड। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने जानवर भीषण गर्मी में राहत कैसे पा रहे हैं? अधिकांश गोवंश खुले में तेज धूप झेलने को मजबूर हैं। एक छोटे से टीन के नीचे कुछ ही जानवर सिमटे दिखाई देते हैं, जबकि बाकी खुले आसमान के नीचे खड़े हैं। यह स्थिति गोवंशों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि उतरे गांव के गौवंश को गाड़ीपुरा गांव की गौशाला में शिफ्ट कर दिया गया है। इसी संबंध में जब ग्राम गाड़ीपुरा मजरा अलावलपुर के ग्राम प्रधान से फोन पर संपर्क किया गया तो प्रधान ने न केवल स्पष्ट जानकारी देने से परहेज किया, बल्कि मौके पर स्थिति का जायजा लेने से भी मना कर दिया। गौशाला ग्राम पंचायत के अधीन संचालित होती है, ऐसे में ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यवस्थाओं में सुधार की सख्त जरूरत है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई दे रही।



गौशाला में बंधे जानवर। अमृत विचार

# कहीं निकली भव्य शोभायात्रा तो कहीं लगा रक्तदान शिविर

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गई बाबा साहेब की जयंती, शहर से लेकर गांवों तक गूंजे जय भीम के नारे

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार:** भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब के योगदान को याद किया गया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को साझा किया। वहीं, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने हरदोई चुंगी स्थित हेल्थ केयर हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं को सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला और नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मुनेंद्र अवस्थी ने अंबेडकर पार्क में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। राजा कॉलेज मैदान में आयोजित संगोष्ठी में प्रो. वैभव सबनीस व अन्य वक्ताओं ने समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। सांसद राकेश राठौर ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।


कलेक्ट्रेट सभागार में अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम डॉ. राजागणपति आर। अमृत विचार


बिरैचा गांव में अंबेडकर प्रतिमा के साथ मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार


आंबेडकर जयंती पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते राज्य मंत्री। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का माहौल

परसेंडी के बिरैचा गांव में ग्रामीणों ने भंडारे का आयोजन किया। विपणन निरीक्षक अभिषेक गौतम ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि 'हाथ में किताब' ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। थानगांव के लोनियनपुरवा में ग्रामीण रामचंदर ने अपनी निजी जमीन पर बुद्ध व अंबेडकर की मूर्तियां स्थापित कीं। सकरन के ऊंचगांव अदवारी और हरगांव के झरेखापुर में भी भाजपा नेताओं व ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर नमन किया। उधर, पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने कुंवरपुर इमलिया और जरेली में स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण किया। उधर, रेउसा में भीम आर्मी और ग्रामीणों ने अजयपुर से रेउसा चौक तक विशाल रैली निकाली। राजकीय महाविद्यालय कुचलाई में प्रार्चार्य डॉ. शालिनी सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी हुई, जहां डॉ. अनुभूति जैन ने शिक्षा के महत्व पर बाबा साहेब के संदेश को दोहराया।

### 'एक रोटी कम खाओ, पर बच्चों को पढ़ाओ'

राजकीय महाविद्यालय कुचलाई और परसेंडी के कार्यक्रमों में बाबा साहेब के शिक्षा संबंधी विचारों पर विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। महापुरुषों के विचारों को केवल नारों तक सीमित न रखकर उन्हें जीवन में उतारना ही जयंती की सार्थकता है।


बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद पुत्र रत्नम राठौर।


माल्यार्पण करते कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही। अमृत विचार

### नीले झंडों और 'जय भीम' के नारों से गूंजा कस्बा हरगांव

**संवाददाता बिसवां / हरगांव, अमृत विचार :** हरगांव क्षेत्र में बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने किया। रैली में शामिल लोग बाबा साहब के चित्र वाली टी-शर्ट पहने और गुलाल उड़ाकर खुशी मनाते नजर आए। शोभायात्रा में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उधर, इसी कड़ी में बिसवां स्थित मोहल्ला झज्जर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर यात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में शामिल महापुरुषों की झांकियों का कस्बे के बड़े चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने पुष्प वर्षा कर और नीला गमछा पहनाकर भव्य स्वागत किया। निपानिया माफी, भगवंतापुर, कौरसा, कंडुनी, रजाकरनाई और सिरसाकला सहित कई ग्राम पंचायतों में भी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## आंबेडकर जयंती पर बरई जलालपुर में निकली गई विशाल रैली

**सीतापुर।** बरई जलालपुर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कस्बे में विशाल रैली का आयोजन किया गया। भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री डॉ. सुधीर कुमार राजवंशी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत रामगढ़ पूरवा स्थित बुद्ध मंदिर में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। यह जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए गंगापुर, रमुवापुर, पहाड़पुर, सूरजपुर, भिटौरा, बनियामऊ और हरिपालपुर समेत दर्जन भर गांवों में भ्रमण कर संपन्न हुआ। रैली में हजारों की संख्या में अनुयायी शामिल हुए, जहाँ डीजे, पालकी और भांगड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर ग्राम प्रधान महेश कुमार, मुरलीधर, लेखराम, मनोज, नीरज और मुकेश समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


हाईवे पर रैली निकालते भीम आर्मी के कार्यकर्ता व ग्रामीण। अमृत विचार

## शोभायात्रा से लौट रहा डीजे वाहन पलटा, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

- हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में आंबेडकर शोभायात्रा से लौट रहा एक पिकअप डीजे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन की छत पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

खटकरी गांव से आंबेडकर पार्क तक निकाली गई शोभायात्रा में शामिल होने के बाद लोग पिकअप से वापस लौट रहे थे। आरएमएपी कॉलेज के पास पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। मृतक की पहचान राम सहाय (25) पुत्र सरजू, निवासी खटकरी थाना रामकोट के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को वाहन के नीचे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




## चलती ट्रेन से गिरा युवक अस्पताल में भर्ती, गंभीर

**संवाददाता, सीतापुर। (अमृत विचार)** महोली कोतवाली क्षेत्र में दोपहर एक बड़ा रेल हादसा हो गया। चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बिहार निवासी अभिषेक के रूप में हुई है, जो ट्रेन से अपने घर जा रहा था। जानकारी के अनुसार, हादसा महोली क्षेत्र के पास उस समय हुआ जब ट्रेन अपनी रफ्तार में थी। आशंका जताई जा रही है कि युवक ट्रेन के दरवाजे के पायदान पर बैठकर यात्रा कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सीधे नीचे गिर गया और पटरी के पास ही लहूलुहान होकर पड़ा रहा। अस्पताल में भर्ती घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को उठाया और एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार, युवक को काफी गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

- बिहार जा रहा था यात्री, पायदान पर बैठने से हुआ हादसा

**परिजनों को दी सूचना :** सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने युवक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को सूचित कर दिया है।

## हादसों में तीन की मौत, छह लोग गंभीर

कार्यालय संवाददाता सीतापुर।

**अमृत विचार:** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहला हादसा इमलिया सुल्तानपुर में बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर के बाद हुआ, वहीं दूसरा हादसा हरगांव क्षेत्र में कार की टक्कर से हुआ।

इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के निजामपुर गांव के पास देर रात एक तेज रफ्तार बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार तीनों युवक खैराबाद से कचनार एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मृतकों की पहचान अंकुल (22) निवासी खैराबाद और देवीदास (24) निवासी संदना के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल विष्णु कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया है। सीओ महोली नागेंद्र चौबे ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवक।


विमलेश (फाइल फोटो)

### मजदूरी पर जा रहे राहगीर को कार ने रौंदा

हरगांव थाना इलाके के झरेखापुर के पास सड़क पार कर रहे 35 वर्षीय विमलेश को लखीमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हरगांव पुलिस ने बताया कि कमलेश को टक्कर मारने वाली कार का चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया है। वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

### टीईटी की अनिवार्यता पर शिक्षकों का हल्लाबोल

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में देर शाम शिक्षकों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। विभिन्न शिक्षक संगठनों के आह्वान पर गांधी पार्क से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क तक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। शिक्षकों का तर्क है कि शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की शर्त थोपना अन्यायपूर्ण है। शिक्षकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति तत्कालीन मानकों के आधार पर हुई थी और वे दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विरोध प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, टीएससीटी और अटेवा समेत कई संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

## नहर कटने से फसलें पूरी तरह जलमग्न

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** कसमंडा ब्लॉक अंतर्गत नेवादा गांव के पास खीरी ब्रांच नहर अचानक फट गई। इससे आसपास के दर्जनों खेतों में पानी भर जाने से किसानों की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गईं। पहले से ही बेमौसम बारिश की मार झेल रहे किसानों के लिए यह घटना कोढ़ में खाज साबित हुई है।

किसानों ने बताया कि खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। इसके अलावा उरद, गन्ना और ज्वार की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में रखा पशुओं का भूसा भी पानी में बह गया, जिससे किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर दिलीप कुमार वर्मा ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने बताया कि संभवतः किसी जंगली जानवर द्वारा पटरी खोद देने से किनारा कमजोर होकर कट गया। किसानों ने जिला प्रशासन से फसलों के सर्वे और उचित मुआवजे की मांग की है।


नहर कटने के बाद जलमग्न खेतों से निकलते ग्रामीण। अमृत विचार

- कसमंडा के नेवादा गांव के पास खीरी ब्रांच फटी

### रैली निकाल आग से बचाव के लिए किया जागरूक

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर लहरपुर में अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। विभाग के प्रभारी सुरेंद्र कुमार अवस्थी के नेतृत्व में कर्मियों ने नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर लोगों को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति सतर्क किया। अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र कुमार अवस्थी ने अग्निशमन एवं आपात सेवा सप्ताह के तहत चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों, दुकानों, मॉल और अस्पतालों में जाकर सुरक्षा मानकों की जांच की और सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने सलाह दी कि खलिहान के पास खाना न बनाएं और न ही वहां धूम्रपान करें। इस मौके पर समरजीत राव, विवेक कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार व शिवम कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।


शॉपिंग माल में लोगों को जागरूक करते फायर आफीसर।

### गौ संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: अतुल


गौसंरक्षण की बैठक करते गौ संरक्षण आयोग के उपाध्यक्ष व जिलाधिकारी।

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं सदस्य राजेश सिंह सेंगर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में निराश्रित गोवंश के संरक्षण, भरण-पोषण और चिकित्सा व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आश्रय स्थलों पर 24×7 सीसीटीवी निगरानी और रिकॉर्डिंग बैकअप अनिवार्य रूप से रखने को कहा। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बीमार गोवंश के लिए अलग 'आइसोलेशन शेड' और नियमित टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवती ने लगाया फंदा, लखनऊ रेफर

**बिसवां।** ग्राम शहरूवा में शादी से पहले दहेज की मांग को लेकर एक युवती द्वारा फांसी लगाकर जान देने का प्रयास का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में युवती को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के शहरूवा निवासी एक युवती की शादी 14 मई को मानपुर निवासी बीरू के साथ तय हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शुरुआत में दहेज की कोई शर्त नहीं थी, लेकिन शादी की तारीख नजदीक आते ही मंगेतर और उसके परिवार ने दहेज की मांग कर दी। इससे युवती मानसिक रूप से परेशान थी। देर रात मंगेतर से फोन पर हुई बातचीत के बाद युवती ने घर के अंदर फांसी लगा ली। आनन फानन में जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## तिलपुरा में आग ने छीनी छत खुले आसमान के नीचे परिवार

संवाददाता, रामपुर मथुरा।

**अमृत विचार :** इलाके के तिलपुरा गांव में देर रात आग ने एक परिवार की गृहस्थी उजाड़ दी। किसान अशोक कुमार प्रजापति के कच्चे मकान में लगी भीषण आग में घर का सारा सामान, जेवरात और नकदी जलकर राख हो गए। पीड़ित अशोक कुमार प्रजापति के मुताबिक, वो मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने छह सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करते थे। आग में करीब 15 हजार नकद, पत्नी के जेवर, अनाज और बच्चों की स्कूल की किताबें भी जल गईं। अब उनका परिवार इस भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। लेखपाल अंजलि माला ने मौका मुआएना किया है।


आग बुझाते ग्रामीण।

**आवास योजना से भी वंचित :** पीड़ित ने बताया कि 40 की उम्र पार करने के बाद भी उन्हें अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप कुमार का कहना है कि लिस्ट में नाम होने के बावजूद तकनीकी कारणों से आवास नहीं मिल पाया।

## नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के घुरखेरा गांव में देर रात बेखौफ शातिरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने मकान की पक्की दीवार में नकब लगाकर दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। शत्रुघ्न लाल शर्मा के मुताबिक, उनका परिवार रात में आंगन में सो रहा था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के पीछे की दीवार काट दी और अंदर प्रवेश कर गए। चोर घर से 3 लाख के जेवर और करीब डेढ़ लाख रुपये नगद समेट ले गए। सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। वारदात तिहार पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हुई है, जिससे पुलिस गश्त के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द खुलासे और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## सचिव ने किया जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

सचिव ने महिला बैरक, बच्चा बैरक और पाकशाला का सघन निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता के दौरान भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया गया। कारागार अस्पताल के निरीक्षण में डॉक्टरों ने बीमार बंदियों के उपचार की जानकारी दी। वहीं, जेल लाइब्रेरी के निरीक्षण में पाया गया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा तैनात अध्यापक बंदियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से बंदियों को महत्वपूर्ण कानूनी नियमों एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। जेल लीगल एड क्लीनिक में तैनात पैराविधिक स्वयंसेवकों को बंदियों के प्रार्थना पत्रों को समय से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षिका प्रीती यादव, जेलर राजेश कुमार वर्मा और रितिकेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।


जिला कारागार का निरीक्षण कर निकलते न्यायाधीश व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने किया नौ एसडीम के कार्यक्षेत्रों में बदलाव

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को जनहित और शासकीय कार्यहित में जनपद में तैनात नौ उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार, धामिनी एम. दास को सदर से लहरपुर, जनार्दन को सदर का नया एसडीएम, और बाल कृष्ण सिंह को महमूदाबाद से सिधौली भेजा गया है। इसी क्रम में डॉ. अंजलि सिंह को महमूदाबाद, शिखा शुक्ला को महोली, आकांक्षा गौतम को बिसवां, देवेन्द्र कुमार मिश्र को सिधौली (न्यायिक), अवनीश कुमार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम (सदर) तथा राखी वर्मा को बिसवां (न्यायिक) के पद पर तैनात किया गया है।

### शिक्षा चौपाल में निपुण भारत पर जोर

**मिश्रिख।** मिश्रिख तहसील के कुतुबनगर स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ अवनीश कुमार ने चौपाल को संबोधित करते हुए 'निपुण भारत मिशन' के तहत हो रहे बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूलों में अब लाइब्रेरी बुक्स, किट्स और डिजिटल कंटेंट के जरिए शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक शिवगोपाल, धर्मेंद्र मिश्रा, रवि शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, रिचा परमार, रीना सिंह और नीतू राठौर सहित कई शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### खेत जा रही मां-बेटी को सियार ने नोचा, गंभीर

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के कृष्णापुर गांव में सुबह सियार के हमले से अफरा-तफरी मच गई। खेत जा रही महिला, उसकी मासूम बेटी और बचाने आए पति पर सियार ने जानलेवा हमला कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सियार को खदेड़कर तीनों की जान बचाई। ग्रामीणों मुताबिक, 45 वर्षीय रामस्वरूपी अपनी 7 वर्षीय बेटी अंकिता के साथ खेत जा रही थीं। रास्ते में सियार ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया। बेटी को बचाने के लिए मां सियार से भिड़ गई। शोर सुनकर पास ही गन्ना छील रहे पति पंचम (50) भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन सियार ने उन पर भी हमला कर तीनों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली जानवरों पर लगाम लगाने की मांग की है।

### गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बिसवां।** गैस उपभोक्ताओं को हो रही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अधिवक्ता अश्वनी कुमार त्रिपाठी व अन्य ने मिलाकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि गैस बुकिंग और डीएसी नंबर प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सुनिश्चित कराई जाए। अधिवक्ता ने विशेष रूप से मांग उठाई कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर लाइन में न लगवाया जाए। साथ ही, उपभोक्ताओं को डीएसी नंबर आने के बाद एजेंसी पर अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न किया जाए। प्रत्येक गैस एजेंसी पर एक सहायता केंद्र स्थापित करने की भी मांग की, ताकि उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिल सके। इस अवसर पर अरुणेश अग्रवाल, तुषार शर्मा, प्रमोद मिश्रा और मनोज गुप्ता सहित अनेक गैस उपभोक्ता उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट छह लोग घायल

**सलोन, रायबरेली।** सलोन कोतवाली अंतर्गत सेंथियापुर निवासी सुरेंद्र कुमार और मनोज कुमार के बीच वर्षों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बीती रात नाली बनाने के विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। घटना के दौरान पहले गाली-गलौज हुई। इसके बाद लाठी डंडे निकल आये। स्थानीय लोगों ने मौके की नजाकत को देखते हुए डायल पुलिस को सूचित किया, लेकिन घटना स्थल पर कोई नहीं पहुंचा। वहीं दोनों पक्षों में लाठी डंडों के साथ घण्टों ईंट पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में मनोज, अयांश (7) पुत्र राम नरेश को सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि सीमा मौर्या, उषा देवी, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार आदि का सीएचसी सलोन में उपचार किया गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम का कहना है कि घटना की तहरीर नहीं प्राप्त हुई है। घटना में दो लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

## प्राइमरी स्कूल से राशन व अन्य सामान चोरी

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र स्थित डिघिया प्राथमिक विद्यालय में रविवार रात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर खाद्यान्न व अन्य सामान पार कर दिया। सोमवार सुबह जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक अमर यादव ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मिल एरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## खाई में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, किशोर घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसरावा गांव में गांव के अंदर खेतों की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में गेहूं के अनाज से लदी हुई एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्राली पर बैठा एक किशोर मामूली रूप से घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अमरनाथ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू

**रायबरेली, अमृत विचार।** अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू हो गया है। जिला अस्पताल में बकायदा चिकित्सकों द्वारा मेडिकल चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान लगातार भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल में तैनात डॉ. सलीम, डा. शैलेश सिंह आदि ने श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर विकास वर्मा, राजेंद्र कुमार, अनूप, प्रेमचंद सोनी, अशोक कुमार, श्याम सुंदर तिवारी, मारुवेंद्र तिवारी आदि ने मेडिकल परीक्षण कराया।

# समाज के लिए प्रेरणादायी हैं डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचार

### जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती, जगह-जगह विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, रायबरेली


डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा। अमृत विचार


डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते लोग। अमृत विचार


डॉ. साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक और छात्र। अमृत विचार



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार


डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते बैंककर्मी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिले भर में आयोजन हुए। राही ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर उर्फ राजू यादव ने क्षेत्र के खनुवा, मधुपुरी, बेलाखेरा समेत कई गांवों में डा. आंबेडकर की जयंती पर पहुंचे। बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि डा. आंबेडकर के विचार समाज के लिए आज भी प्रेरणादाई हैं। उन्होंने सर्व समाज के लिए संदेश दिया। संविधान में सबको समान अधिकार देने की बात कही। इस दौरान संविधान के प्रति निष्ठा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश देते हुए युवाओं को शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकांत पाण्डेय, घनश्याम शुक्ला, विजयजीत गौतम, रामफेर प्रधान, जगन्नाथ पासी पूर्व पंचायत सदस्य, रामखेलावन, सुनील पासी, आलोक कुमार, वीरेंद्र, अवधेश शर्मा, राजेश कुमार, प्रेम आदि मौजूद रहे। राही ब्लाक के गदियानी गांव में संत रविदास स्मृति जनसेवा समिति औघड़नाथगंज में बाबा साहब की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। आयोजक कर्मवीर प्रभाकर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर धर्मेंद्र भास्कर, रवि भास्कर, शशि, अभय, डा. शिवदेवी, कृष्णकांत यादव, बच्चन, डा. हीरालाल श्रीवास्तव, रामबाबू यादव, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। छात्र समर्थ श्रीवास्तव ने डॉ. आंबेडकर की भूमिका का प्रभावशाली मंचन किया जिसमें उनके संघर्षों, शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज सुधार के योगदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया। कार्यक्रम में अन्वी ने अपने भाषण के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके विचारों पर प्रकाश डाला तो वहीं आकृति ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर समता, शिक्षा और अधिकारों के महत्व को उजागर किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने हाथी पार्क चौराहे पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण के साथ-साथ समाज के वंचित एवं शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी आदि उपस्थित रहे। शहीद स्मारक परिसर स्थित राणा बेनी माधव पार्क में आयोजित निःशुल्क योग शिविर के दौरान संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान मौजूद लोगों ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर योग प्रशिक्षक डीके सिंह, अनुज शर्मा, अजय पाल सिंह, भगवत प्रताप सिंह, महेंद्र अग्रवाल, रामराज गिरी, अवधेश सिंह, पिंकू सिंह, रंजीत सिंह, अजय पाल सिंह, हेमंत यादव, देवता दीन यादव, शिव चंद्र पांडेय, वर्षिल पांडेय राघव, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक लक्ष्मनपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद देवेंद्र बहादुर सिंह, रमाकांत मिश्रा, नंदकिशोर शर्मा, महेश यादव आदि ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सभी बैंक कर्मियां ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी तरह शहर के न्यू विजन स्कूल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने बाबा साहेब के जीवन पर आधारित प्रशंसनीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रबंधक आमिर बेग ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने नारा दिया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। जो पूरे विश्व के लिए प्रेरणा बना।

**बाबा साहेब के संघर्ष और योगदान पर चर्चा: जगतपुर:** क्षेत्र के धोबहा विद्यालय में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, संतोष कुमार तिवारी, अजय त्रिपाठी, अजय गौतम, हिमांशु, राजेंद्र पाल, मुरारी आदि उपस्थित रहे।

**शिक्षा को हथियार बनाकर बने सफल: खीरों:** न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज डंडनपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और बच्चों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनसे चरित्र से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। इस दौरान एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार ने सभी को बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने उस समय संघर्ष कर समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त किया, जब देश में ऊंच नीच का भेदभाव और छुआछूत आदि चरम पर थे। प्रधानाचार्य रजनेश कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन चरित्र हमें संघर्ष और शिक्षा को हथियार बनाकर सफलता के शिखर पर पहुंचने की प्रेरणा देता है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। कहा आंबेडकर के विचार आज भी प्रेरणास्रोत हैं। संचालन रामेंद्र मिश्रा ने किया। अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, एसडीएम सदर (न्यायिक) अहमद फरीद खान, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी/आशीष श्रीवास्तव आदि रहे।

## शिवगढ़ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शिवगढ़, रायबरेली।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर दामोदर खेड़ा स्थित बौद्ध उपासक महासभा कार्यालय परिसर से युवा समाजसेवी आलोक बौद्ध के नेतृत्व एवं दीपक बौद्ध के संयोजन में 'हम भारत के लोंगो' द्वारा भव्य आंबेडकर शोभायात्रा निकाली गई, जो भवानीगढ़ चौराहा, गूढ़ा, रानीखेड़ा, तिलेण्ड़ा, बछरावां होते हुए कन्नावा स्थित आंबेडकर मैदान में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में तथागत महात्मा गौतम बुद्ध और बाबा साहेब का रथ आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा के दौरान जय भीम के नारों से शिवगढ़ और बछरावां गूंज उठा। इस दौरान शामिल लोगों के चेहरे पर गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। हाथों में झंडा लेकर जय भीम के नारे लगाते हुए पैदल चल रहे लोगों के चेहरे पर थकान की सिकन के बजाय उत्साह, उमंग और जोश देखते ही बन रहा था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह के साथ ही शिवगढ़ और बछरावां पुलिस शोभायात्रा में सतर्क रही। शोभायात्रा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भीम हेड कमांडर संदीप विद्यार्थी के मार्गदर्शन में बाकायदा 370 भीम कमांडर लगाए गए थे, जो यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने को लेकर शोभायात्रा में चल रहे लोगों को गाइड कर रहे थे। इस मौके आयोजक कमेटी के मुख्य सलाहकार अमरीश बौद्ध, आरवी टेडर्ड के मालिक मनोज रावत, देवतादीन पासवान, ओम प्रकाश रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, अम्बरीष दीवाना, बसंत लाल, मोहित विक्रम, रोहित गौतम, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सोनू हाण्डा, अवधेश रावत, उमेश गौतम, संजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब के विचारों को अपनाने पर जोर

**सरेनी, रायबरेली।** सतवाखेड़ा में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इसमें डा. साहेब के जीवन व उनके विचारों के बारे में बताया गया। सपा नेता राजा बाबा सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान शिव बोध पासवान, शिव दर्शन यादव, राजबहादुर यादव सर्वेश कुरील सविता गौतम, अनिल गुप्ता, अजय यादव, मोनू यादव, कपूर यादव, रमेश विकलांग, गुरु प्रसाद, मायाराम, विनोद, सचिन, सुरेश सिंह, राजा श्रीवास्तव, सर्वेश प्रधान जीतू पासवान, राम बहादुर प्रधान, शिव शंकर प्रधान, धर्मेन्द्र धाकड़ आदि मौजूद रहे।

## सपाइयों ने मनाई आंबेडकर जयंती

**शिवगढ़, रायबरेली।** सपा द्वारा शिवगढ़ क्षेत्र के गूढ़ा, नहर कोठी भवानीगढ़, देहली समेत विभिन्न ग्राम पंचायतों में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। ग्राम पंचायत गूढ़ा में चंदापुर रोड स्थित चुन्नीलाल खेड़ा मोड़ के पास भौसी न्याय पंचायत सेक्टर प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, प्रदेश सचिव हरीश चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष मानेसर पासी, पूर्व प्रधान अवधेश रावत, सपा युवजन सभा बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत, ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, कार्यक्रम के आयोजन श्रवण कुमार आदि लोगों ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

## आंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने पर हंगामा

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव में आंबेडकर जयंती के अवसर पर उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब प्रशासन ने प्रस्तावित स्थल से डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को हटवा दिया। ग्रामीणों ने इस कार्यवाही का विरोध करते हुए आक्रोश जताया और मौके पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आंबेडकर जयंती के दिन प्रस्तावित भूमि पर आंबेडकर प्रतिमा स्थापित कर माल्यार्पण व पूजा-पाठ किया जाना था। इसके लिए ग्रामीणों ने तैयारी भी पूरी कर ली थी। लेकिन कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही पुलिस व राजस्व टीम ने पहुंचकर प्रतिमा को वहां से हटवा लिया, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना और सहमति के प्रशासन ने यह कार्रवाई की, जो उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते और प्रतिमा को पुनः स्थापित करने की मांग की गई है। कुछ लोगों ने कहा कि यह उनकी आस्था और सम्मान का विषय है, जिसके साथ इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस बल के साथ राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत और समझाने के बाद भी ग्रामीण शांत नहीं हो रहे थे। आखिरकार क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

# संदिग्ध हालात में गेहूं की फसल में लगी आग

संवाददाता जगतपुर, रायबरेली


आग से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार


झोपड़ी में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जलालपुर बेही गांव में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग से किसान की करीब दो बीघा फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार जलालपुर बेही निवासी किसान चंद्रसेन सिंह के जलालपुर पेट्रोल पंप के पीछे स्थित स्थित खेत में अचानक आग भड़क उठी। दोपहर के समय लगी आग तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगी और देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक लगभग दो बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**आग से नौ घरों की गृहस्थी राख**

**डलमऊ, रायबरेली:** डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे लोधन आंबा गांव में मंगलवार को अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घरों को अपनी चपेट में ले लिया ग्रामीणों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का काम किया। घटना में लालती, बिटाना, हरिशंकर, मोहनलाल, रामकुमार, सचिन, राजेंद्र, दशरथ,अशोक सहित लगभग नौ घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। क्षेत्रीय लेखपाल मनोज पाल ने मौके पर पहुंचकर आगजनी में हुए नुकसान का जायजा लिया। तहसीलदार मंजरी सिंह ने बताया कि घटना में हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का लगाया आरोप

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगपट्टी दामोदर चांदमऊ गांव निवासी महेश की पत्नी मंजू (35) की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय महेश अपनी ससुराल धोबहा गांव गए हुए थे, जबकि घर पर उनकी पत्नी मंजू, बेटी पल्लवी व बेटा प्रांशु मौजूद थे। महेश ने आरोप लगाया कि मंगलवार शाम पड़ोसियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी व मारपीट हुई थी। इसके बाद रात में ही आरोपितों ने उनकी पत्नी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। सुबह जब उनकी बड़ी बेटी पल्लवी नींद से जागी तो मां को फंदे से लटका देख चीख-पुकार मचाने लगी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## आग से 20 बीघा गेहूं की फसल स्वाहा


खेत में जली गेहूं की फसल को देखते किसान। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली।** ओलावृष्टि व बारिश की मार से बची फसल अब आग के तांडव में स्वाहा होती जा रही है। इससे किसान बेहद परेशान हैं। बछरावां विकास खंड के ग्राम रसूलपुर में मंगलवार की दोपहर आग ने ऐसा तांडव खेला की बीसो बीघा खड़ी गेहूं की फसल पल भर में राख के ढेर में बदल गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, परंतु वह इसमें पूरी तरह से असफल रहे। किसान कृष्णपाल सिंह, यशवंत सिंह, यशवंत सिंह दिनेश व विकास का तीन-तीन बीघा एवं चांद के करीब पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई। ग्रामीण संतोष चौधरी ने बताया कि मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने किसी तरह पेड़ो की टहनियों से आग पर काबू पाया। मौके तक दमकल की गाड़ी नही पहुंच पाई थी। खबर लिखे जाने तक कोई अधिकारी घटना स्थल तक नहीं पहुंचा था।

## श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में मनी बैसाखी



श्री हेमकुंड स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक पुष्पिंदर गांधी के साथ मौजूद बच्चे।

**रायबरेली, अमृत विचार।** बैसाखी पर्व पर श्री हेमकुंड पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारे से पधारे गुरुजी की पावन अरदास और भजन से हुई, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बिहू नृत्य में कक्षा 6 की अदिति यादव, आद्विका पूर्णिमा तथा कक्षा 3 'बी' की पीहू, अर्शिता, अंशी और दीपांशी ने आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं बैसाखी नृत्य में आरुषि, आयुषी अग्रहरी, नुजहत जहां, सोनाक्षी, अनन्या, राधिका, शौर्यवी, श्रद्धा, अक्षत, मो. फैजान, मोनिश, सुशांत सिंह यादव, अविरल, मो. असरफ एवं कक्षा एक की अन्या ने उत्साह और उमंग से भरपूर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में संस्कृति, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक पुष्पिंदर सिंह गांधी, प्रधानाचार्य इंजीनियर आस्था, उपप्रधानाचार्य विक्रम सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी वीएन मेहरोत्रा, आराधना मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# युवती की मौत मामले में हॉस्पिटल संचालक पर केस

- सोमवार को इलाज के दौरान बीमार शालिनी की हुई थी मौत, परिजनों के हंगामे के बाद हुई कार्रवाई

संवाददाता अमावां, रायबरेली



रतापुर स्थित जेएन हॉस्पिटल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव रखकर परिजनों के आक्रोश को भांपते हुए मिल एरिया पुलिस ने उन्हें हंगामा करने से रोकने में पूरी तरह सफल रही। फिलहाल पुलिस ने इलाज के दौरान हुई युवती की मौत के मामले में रतापुर स्थित जेएन हास्पिटल के संचालक डॉ. आरके मेहरोत्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। इस मामले में एसीएमओ द्वारा भी जांच की जा रही है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर निवासी जमुना प्रसाद चौरसिया की पुत्री शालिनी चौरसिया (22) को रविवार की सुबह पेट दर्द, उल्टी दस्त होने पर परिजन रतापुर स्थित जे.एन. हास्पिटल में भर्ती कराया गया था।

परिजनों का आरोप है कि सोमवार को इंजेक्शन लगाने के बाद युवती की मौत हो गई। इससे आक्रोशित हुए परिजनों ने हास्पिटल में ही हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों एफआईआर को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से विरोध जताने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने परिजनों का आक्रोश पनपता देख बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे। बताया जा रहा है कि पुलिस से एफआईआर की नकल मिलने के बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हुए। परिजनों का आक्रोश थमने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि परिजनों से तहरीर की आधार पर हास्पिटल संचालक डॉ. आरके मेहरोत्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## ड्रेन सफाई की आड़ में काटे 30 हरे पेड़, घालमेल का लगाया आरोप

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** हंसवा ड्रेन सफाई के नाम पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। हंसवा ड्रेन की सफाई के दौरान ठेकेदार द्वारा करीब 30 फलदार और छायादार हरे पेड़ अवैध रूप से काट दिए गए। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय वन अधिकारी और हल्का प्रभारी पर मामले को दबाने और साक्ष्यों में हेरफेर का भी आरोप लगाया है। ग्रामीण संतलाल और देशराज के अनुसार मौके से करीब 45 से 50 क्विंटल लकड़ी बरामद हुई थी। वन विभाग के हल्का प्रभारी श्याम बाबू लकड़ी को अपने साथ ले गए, लेकिन रिकॉर्ड में मात्र 25 क्विंटल ही दिखाया गया। ग्रामीणों का दावा है कि विभाग पेड़ों की वास्तविक संख्या और लकड़ी की मात्रा को छिपाकर दोषियों को बचाने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने अपनी मनमानी दिखाते हुए हरे पेड़ों को काटकर बेच दिया। अब वन विभाग भी मिलीभगत कर लकड़ी की मात्रा कम बता रहा है। फिलहाल यह जांच का विषय है। इसको लेकर ग्रामीण आंदोलन करने के मूड में नजर आ रहे हैं। वन क्षेत्रीय अधिकारी नावेद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि मामले की जांच की गई है। ड्रेन सफाई के दौरान पेड़ 'डैमेज' हुए हैं। विभाग ने इस मामले में ढाकुरपुर निवासी राम प्रकाश पर केस दर्ज किया है और मामले को न्यायालय भेजने की तैयारी की जा रही है।

## मकान पर कब्जा करने की शिकायत

**डीह, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के मऊ गांव में एक विधवा महिला के मकान पर जबरन कब्जे का मामला सामने आया है। पीड़िता रामावती पत्नी स्व. मंगरे ने आरोप लगाया कि पति की जून 2025 में मृत्यु के बाद गांव के कुछ दबंगों ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसके घर और जमीन पर कब्जा कर लिया। महिला के अनुसार उसके पति ने जीवित रहते हुए संपत्ति उसके नाम वसीयत कर दी थी, बावजूद इसके कुछ लोगों ने निर्माण कार्य शुरू करा दिया। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर महिला ने न्यायालय का सहारा लिया, जहां मामला विचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।

**न्यूज ब्रीफ**

### बाबा ब्रह्मचारी कुटी में गूंजे शिव के जयकारे

**महराजगंज, रायबरेली।** हलोर स्थित बाबा ब्रम्हचारी कुटी पर बुधवार को विधि विधान व हवन पूजन के साथ शिवलिंग की स्थापना होगी। मंगलवार को क्षेत्र के के करीब 7 मंदिरों से होकर शिव बारात निकली गई। बारात में डी जे व ढोल नगाड़े की धुन पर शिव भक्त जम कर झूमे। पुजारी अशोक मिश्रा की अगुवाई में शिव बारात निकली गई। गाड़ियों को फूल माला से सजा कर उस पर शिवलिंग समेत नंदी के अलावा गणेश, लक्ष्मी की मूर्ति भी बारात में दिखी। पुजारी अशोक मिश्रा ने बताया कि बुधवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का भी आयोजन होगा। इस मौके पर उमाकांत पांडेय, संजय मिश्रा, शिव प्रसाद, मोहित शर्मा, मनीष मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, शिव शंकर यादव, अशोक वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। रायबरेली–परसदेपुर मार्ग पर हनुमान गंज बाजार के पास कार व ट्रैक्टर–ट्राली की टक्कर हो गई। हादसे में किशनपुर निवासी कार सवार रत्नेश तिवारी और त्रिपुला निवासी प्रशांत सिंह चौहान घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली और कार को कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# डॉ. आंबेडकर न्याय और समानता के प्रतीक

## जिलेभर में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती, आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



संविधान निर्माता की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते कार्यकर्ता। अमृत विचार



डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को अमेठी जनपद में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को याद किया गया। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजन किए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला और नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**गौरीगंज में सपा कार्यालय पर मनाई गई अंबेडकर जयंती:** जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में भी आंबेडकर जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर संविधान की मूल भावना के विपरीत कार्य करने का आरोप भी लगाया। त्रिलोकपुर में शरबत वितरण कर दी गई राहत, मुंशीगंज क्षेत्र के त्रिलोकपुर में भी आंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. आंबेडकर कल्याण समिति द्वारा सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रायबरेली-सुलतानपुर हाईवे सहित विभिन्न स्थानों पर राहगीरों, मजदूरों, बच्चों और बुजुर्गों को ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

**शिक्षा बाबा साहेब का सबसे बड़ा संदेश: कमरौली:** पलिया पश्चिम सहित कई गांवों में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कमरौली के बूथ संख्या 161 पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रतीक हैं, जिनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पासी के नेतृत्व में हुआ और "जय भीम" के नारों से माहौल गूंज उठा। वहीं पलिया पश्चिम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाकियू (टिकैत) की महिला जिला अध्यक्ष शमीमा खान ने शिक्षा को बाबा साहेब का सबसे बड़ा संदेश बताते हुए गरीब, मजदूर और किसान के बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि मोहम्मद तसलीम (जिला पंचायत सदस्य) ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कांति देवी सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण कर सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**सभी दलों ने दी श्रद्धांजलि: संग्रामपुर:** नीले रंग में रंगा नजर आया। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

संग्रामपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में प्रधान संघ अध्यक्ष संजय सिंह मुन्ना, भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू, कांग्रेस नेता बृजेश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला तथा कांग्रेस नेता विजेंद्र सिंह लोहा सहित अन्य लोगों ने नीले गमछे व पट्टियां धारण कर बाबा साहेब को याद किया।प्रधान संघ अध्यक्ष संजय सिंह मुन्ना ने कहा कि डॉ. आंबेडकर शोषित और वंचित वर्गों की आवाज थे। उन्होंने समाज में समानता और न्याय का संदेश दिया, जिसे अपनाना आज भी जरूरी है। वहीं, कांग्रेस नेता बृजेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता की विचारधारा को मजबूत आधार दिया, जिसे आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष सिंह ने भी बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती



बाबा साहेब को पुष्प अर्पित करते सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत यादव व अन्य।

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत इक्काताजपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को मनाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत वासियों के सहयोग से किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत यादव ने बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा और जागरूकता को समाज के विकास का सबसे बड़ा माध्यम बताया। कार्यक्रम में अरबिंद राना, प्रदीप यादव, अखिलेश यादव, शिक्षक राम कुमार एवं रामकिशोर सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### सृष्टि रचना व वराह अवतार का हुआ वर्णन

**जगतपुर, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के जिंगना गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा के दौरान सृष्टि रचना एवं भगवान विष्णु के वराह अवतार का विस्तृत वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित सोमदत्त महाराज ने सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार भगवान ने इस संपूर्ण सृष्टि की रचना की और जीवन का आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि यह सृष्टि ईश्वर की अद्भुत कृति है, जिसे समझना और उसके प्रति आस्था रखना मानव जीवन का मूल उद्देश्य होना चाहिए। पूरे समय भक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु कथा का श्रवण करते रहे। इस अवसर पर यजमान महेश शुक्ला, अन्नु शुक्ला, रमेश शुक्ला, अमित तिवारी, दिनेश बाजपेई, मृदुल शुक्ला, गंगा लाल, दीपक कुमार, राम विष्णु चौधरी, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# धूप में गैस सिलेंडर के लिए लगी कतार

संवाददाता संग्रामपुर, अमेठी



चिलचिलाती धूप में खड़े उपभोक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक ओर जहां पूरे देश में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उत्सव का माहौल है, वहीं संग्रामपुर क्षेत्र में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग चिलचिलाती धूप में गैस सिलेंडर लेकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं।उपभोक्ताओं का आरोप है कि अमेठी के रसद विभाग ने गैस वितरण केंद्रों को दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थापित कर दिया है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सिलेंडर लेने के लिए लोगों को सुबह सूर्योदय से पहले ही पहुंचकर लंबी कतार में खड़ा होना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि वितरण केंद्र तक पहुंचने के लिए उन्हें अतिरिक्त भाड़ा भी देना पड़ रहा है। वहीं, घंटों इंतजार के बावजूद समय पर सिलेंडर मिलना भी सुनिश्चित नहीं होता, जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है।संग्रामपुर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि अन्य वितरण केंद्रों पर भी यही स्थिति बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य उपभोक्ता सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं।उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वितरण व्यवस्था को सुचारु किया जाए, केंद्रों की दूरी कम की जाए तथा पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# भूसा रखने के विवाद में पिता पर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना क्षेत्र से मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां ज़मीन विवाद के चलते पुत्र ने अपने ही पिता नन्द किशोर कौशल पर कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे की है। इंटर कॉलेज रोड निवासी परिवार में उस समय विवाद शुरू हुआ जब पीड़ित पक्ष के लोग अपने मकान के एक कमरे में गेहूं का भूसा रख रहे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष की एक महिला ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि श्रीनारायण कौशल, स्वयं कौशल और शुभ ने मिलकर कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में पिता के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे पुत्र हरि नारायन भी घायल हो गया। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और किसी तरह मामला शांत कराया। आनन-फानन में घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

# जायस में जय भीम के नारों से गूंजा आसमान, निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता जायस, अमेठी




शोभायात्रा में शामिल कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जायस नगर में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 135वें जन्मदिन के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में दर्जनों वाहन जिनमें डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों की झांकी सजी थी। सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे नीला गमझाधारण करके जय भीम जय संविधान के नारों के साथ थिरकते हुए चल रहे थे शोभा यात्रा में बहुजन समाज के लोगों के साथ अन्य वर्ग एवं समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा कचाना मोहल्ला प्रारम्भ होकर वहीं पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए लालजी निर्मल द्वारा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गयी थी शोभा यात्रा में हुबलाल सोनकर भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र भीम राज महेश प्रताप सोनकर रजवाड़ी पासी लालता प्रसाद महेश मौर्य सुनील शर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में इंटरनेशनल स्तरीय शिक्षा का आगाज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कभी जिन क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए महानगरों की ओर रुख करना मजबूरी माना जाता था, आज वही जगह नए शैक्षिक मॉडल की प्रयोगशाला बन रही हैं।

शहर के अहियारायपुर स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल इस बदलाव की एक प्रेरक कहानी लिख रहा है। विद्यालय का परिसर मानो बच्चों के सपनों को साकार करने का खाका खींचने के लिए प्रयासरत है। हंसी, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सीखने की ललक इन सभी के सम्मिलित प्रयास का नाम जयपुरिया स्कूल है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह संस्थान बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि उन्हें सोचने, समझने और खुद की पहचान बनाने के लिए भी प्रेरित करता है। इस परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत विद्यालय के प्रिंसिपल राना संग्राम सिंह को माना जा रहा है। इनके नेतृत्व में खरी कसौटी पर उतरकर स्कूल ने यह साबित किया है कि अगर दृष्टि स्पष्ट हो, तो ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में भी महानगरों जैसी शिक्षा व्यवस्था तैयार किया जाना असंभव नहीं है। विद्यालय प्रिंसिपल का मानना है कि बच्चा केवल परीक्षा में सफल होने के लिए नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर नागरिक बनने के लिए तैयार होना चाहिए। उन्होंने इस विद्यालय को सिर्फ "इंटरनेशनल स्टैंडर्ड" तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक ऐसा स्थान बनाया है, जहां बच्चे खुद को सुरक्षित, सम्मानित और प्रेरित महसूस करें। कक्षाओं में स्मार्ट बोर्ड और डिजिटल पेन जैसी आधुनिक तकनीकें पढ़ाई को इंटरैक्टिव और जीवंत बनाती हैं, जिससे विद्यार्थी केवल सुनते नहीं, बल्कि समझते और अनुभव करते हैं। जयपुरिया स्कूल की सबसे बड़ी पहचान "संस्कार आधारित शिक्षा मॉडल" है। यहां भारतीय संस्कृति, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को शिक्षा के हर स्तर में पिरोया गया है, जिससे विद्यार्थी केवल पढ़े-लिखे नहीं बल्कि अच्छे इंसान भी बने।



पुलिस की गिरफ्त में गैंगस्टर का इनामी बदमाश। अमृत विचार

### गैंगस्टर का इनामी शातिर गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** थाना जगदीशपुर पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी, जब 25,000 रुपये के इनामी एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त अरमान पुत्र गोरखू उर्फ मुस्तकीम (उम्र लगभग 43 वर्ष) निवासी ग्राम नारा अनपुर, थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक, जनपद अमेठी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा तथा 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस संबंध में थाना जगदीशपुर में विधिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि आरोपी एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर और अमेठी समेत कई जनपदों में चोरी, जालसाजी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों में कुल 10 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

### डीसीएम में लगी आग, कूद कर भागा चालक

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रेल कोच के सामने मंगलवार को हाईवे पर रायबरेली जा रहे डीसीएम वाहन में अचानक आग लग गई। इंजन में लगी आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते वाहन धू-धूकर जलने लगा। चालक ने चलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चालक अशोक पुत्र रामशरण फतेहपुर के असोथर क्षेत्र के बिसंधी गांव का निवासी बताया जा रहा है। लालगंज फायर इंचार्ज मुकेश गिरी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान का लिया जायजा



घर-घर जाकर जानकारी करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान कुमार ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बेनीपुर और ब्लॉक भादर में टीकाकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर जमीनी हकीकत, टीकाकरण व्यवस्था, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय आशा और एएनएम कार्यकर्ता अपने कार्यों में सक्रिय रूप से लगी मिलीं, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गईं, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को गंभीरता से संचालित किया जाए और सभी कर्मचारी समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। साथ ही, टीकाकरण में तेजी लाने और आमजन में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

### सद्गुणों का संदेश लेकर पहुंचेगी ज्योति कलशयात्रा

**सिंहपुर, अमेठी।** क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना व सामाजिक जागरूकता का संदेश लेकर गायत्री परिवार हरिद्वार का ज्योति कलश बुधवार को सिंहपुर एवं गुरुवार को तिलोई पहुंचेगी। शांतिकुंज हरिद्वार से निकले कलश के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है। शांतिकुंज परिवार के सदस्य इन्हौना निवासी मुन्ना गुप्ता व सेमरौता कस्बे के निवासी श्रीकांत पाण्डेय ने बताया कि गायत्री परिवार के कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। कलश के आगमन पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं स्वागत समारोह आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। ज्योति कलश केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेशवाहक है। इसके माध्यम से नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों के प्रसार का संदेश दिया जाएगा। ज्योति कलश यात्रा सिंहपुर ब्लॉक के जिजौली गांव से प्रवेश कर राजाफत्तेपुर, जुगराजपुर, इन्हौना, चिलौली, महेशपुर पंहौना होते हुए अहोरवा भवानी पहुंचेगी।

**रामकथा** कमरौली के ग्राम पलिया पश्चिम में उमड़े भक्त

# दशरथ–कैकेयी संवाद सुन भावुक हुए श्रोता

संवाददाता कमरौली, अमेठी



ग्राम पलिया में चल रही रामकथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पलिया पश्चिम में चल रही राम कथा के दौरान कैकेई और महाराज दशरथ संवाद का अत्यंत भावुक कथा सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथावाचक राजेश निर्मोही ने इस प्रसंग को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए कुसंगति और मोह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महंत चंद्रकांतानंद जी महाराज ने भी राम कथा के माध्यम से महात्म्य की एक सुंदर संक्षिप्त कथा सुनाई। उन्होंने कम शब्दों में गूढ़ आध्यात्मिक संदेश देते हुए "गागर में सागर" भरने का कार्य किया। उनके प्रवचन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया और धर्म, भक्ति व मर्यादा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथावाचक ने बताया कि मंथरा के बहकावे में आकर रानी कैकेई ने महाराज दशरथ से दो वरदान मांग लिए भरत का राजतिलक और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। इस पर महाराज दशरथ अत्यंत दुखी हुए लेकिन कैकेई अपने निर्णय पर अडिग रहीं। इस प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि कुसंगति मनुष्य के विवेक को समाप्त कर देती है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। "जय श्रीराम" के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस आयोजन में शिव नन्दन तिवारी, सुनील मिश्रा, पंकज शुक्ला, शिवकुमार, अंजनी तिवारी, रंजीत, गोपीनन्दन तिवारी, सतीश, सचिन कुमार, लक्ष्मीकांत, बब्लू तिवारी एवं गंगा प्रसाद शुक्ला सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के आधे परिसर में दो दिन से पानी नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के आधे परिसर में दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप पड़ने से मरीज और तीमारदारों में हाहाकार मचा है। अस्पताल के आरओ प्लांट शोपीस बने हुए हैं। टोटियां उखड़ चुकी हैं। पानी की कमी के कारण शौचालय चोक हो गए हैं। सफाई की व्यवस्था भी चरमराने लगी है।गर्मी की तेज धूप में लोग घरों से पानी लाकर या खरीद कर पीने और इस्तेमाल के लिए मजबूर हैं। जिला अस्पताल मरीजों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। इन दिनों पानी की भारी कमी से जूझ रहा है। दो दिन से नल सूखे पड़े हैं। ईएनटी वार्ड, रिजर्व वार्ड और जनरल वार्ड के आसपास स्थिति सबसे खराब है। यहां मरीज और उनके परिजन तेज धूप में बाल्टी-बर्तन लेकर पानी ढो रहे हैं। ब्लड बैंक के पास लगा वाटर कूलर बंद पड़ा है। थैलेसीमिया वार्ड के बगल में एक वर्ष पहले लगाया गया आरओ प्लांट भी बंद है। रसोईघर के पास बना आरओ और जनरल वार्ड के बगल वाला आरओ प्लांट भी पानी नहीं दे रहा। नलों से टोटियां गायब हैं। कई जगह जमी हुई काई नजर आ रही है। ऑक्सीजन प्लांट के बगल से हैंडपंप भी हटा लिया गया है, जिससे गंभीर मरीजों के परिजनों को और परेशानी हो रही है। अब सिर्फ जेनेरिक दवा केंद्र के बगल लगे आरओ व हैंडपंप से ही पानी की उम्मीद है।

